इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्कारण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






# तमिलनाडु में विजय सरकार ने पास किया फ्लोर टेस्ट, पक्ष में पड़े 144 वोट, डीएमके का बहिष्कार

चेन्नई। तमिलनाडु में थलापति विजय सरकार ने विश्वासमत जीत लिया है. विजय के पक्ष में पड़े 144 वोट. इससे पहले 59 सदस्यीय डीएमके ने विश्वासमत का बहिष्कार किया था. गौरतलब है कि तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 118 का है. टीवीके ने 108 सीटों पर जीत हासिल की है. डीएमके को 59 सीटों पर जीत मिली है. एआईएडीएमके ने 47 सीटों पर जीत हासिल की है. कांग्रेस को 5 सीटें मिली हैं. पीएमके को चार सीटों पर विजय मिली थी. ऐसे में डीएमके के बहिष्कार के बाद सदन में बहुमत का आंकड़ा और कम हो गया था. ऐसे में विजय का फ्लोर टेस्ट अब महज औपचारिकता रह गई थी.

### भाजपा रही न्यूट्रल

फ्लोर टेस्ट के दौरान डीएमके ने न केवल बहिष्कार किया बल्कि वोटिंग से भी दूर रही. बीजेपी का सदन में केवल एक विधायक है और वो इस प्रक्रिया के दौरान 'तटस्थ' की भूमिका में रहे. इससे पहले विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद सीएम विजय ने सदन में विश्वासमत पेश किया था.



### दो धड़े में बंटी एआईएडीएमके

एआईएडीएमके के महासचिव ई के पलनासामी ने विजय सरकार के विश्वासमत का विरोध किया था. हालांकि, पार्टी के विरोधी नेता एस पी वेलुमनी ने टीवीके सरकार के समर्थन का ऐलान किया. श्री विजय द्वारा प्रस्ताव पेश किए जाने के बाद, कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), विदुथलाई चिरूथैगल काची (वीसीके) और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) सहित समर्थक दलों के नेताओं ने मुख्यमंत्री के पक्ष में बोलते हुए अपना समर्थन दिया ताकि भाजपा को दूर रखा जा सके।

### विजय को यूं मिला बहुमत का आंकड़ा

विजय की सरकार को कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके, आईयूएमएल और एएमएमके का समर्थन हासिल था. दूसरी तरफ बीजेपी के उधगमंगलम से जीते एकमात्र विधायक भोजराजन एम ने न्यूट्रल रुख अपनाया. गौरतलब है कि राज्य में 23 अप्रैल को वोटिंग हुई थी और 4 मई को नतीजे आए थे. विजय की पार्टी 108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी थी.

### टीवीके के समर्थन में एआईएडीएमके के विधायक

एआईएडीएमके के 24 विधायकों ने विजय सरकार के समर्थन में वोट डाले. वहीं एकएआईएडीएमके विधायक वोटिंग से गायब रहे. इसके अलावा 5 विधायक न्यूट्रल रहे. पीएमके के 4 और बीजेपी के एक विधायक ने न्यूट्रल रुख अपनाया.

# कोयले से बनेगी गैस, किसानों को मिलेंगे 2 लाख 60 हजार करोड़, मोदी सरकार ने लिए 4 बड़े फैसले

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को किसानों के हित में महत्वपूर्ण घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इस मद पर कुल 2,60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि कुल चार बड़े निर्णय लिए गए। इन फैसलों से कृषि, ऊर्जा, रेलवे और हवाई अड्डा क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है।




### एमएसपी बढ़ोतरी से किसानों को राहत

खरीफ सीजन की फसलों पर एमएसपी बढ़ाने का फैसला किसानों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। मौसम की प्रतिकूलताओं और वैश्विक चुनौतियों के कारण पहले से ही परेशान किसान समुदाय को इस कदम से आर्थिक सहारा मिलेगा। कैबिनेट ने 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। सबसे अधिक बढ़ोतरी सूरजमुखी के बीजों पर हुई है, जिसका एमएसपी अब 622 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। सरकार का यह कदम कृषि आय बढ़ाने और किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को मजबूत करेगा।

### कोल गैसिफिकेशन

दूसरा बड़ा फैसला कोल गैसिफिकेशन स्कीम से जुड़ा है। सरकार ने इस योजना के लिए 37,500 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। स्कीम का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2030 तक कोयले से 100 मिलियन टन गैस का उत्पादन करना है, जो स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और आत्मनिर्भर ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### रेलवे प्रोजेक्ट को मंजूरी

तीसरे फैसले के तहत गुजरात के सरखेज और ढोलेरा के बीच सेमी हाई स्पीड (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रंगासामी ने पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली

चेन्नई। वरिष्ठ नेता और ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) के संस्थापक एन. रंगासामी ने पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को शपथ ली।



क्षेत्रीय पार्टी (एआईएनआरसी) नेता मल्लाडी कृष्णा राव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ए. नमस्सिवायम ने भी एआईएनआरसी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में मंत्री पद की शपथ ली।

उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रंगासामी ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राव ने तेलुगु भाषा में शपथ ली और वह यानम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। यामन, आंध्र प्रदेश में स्थित पुडुचेरी का क्षेत्र है।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और वरिष्ठ नेता बी.एल. संतोष भी मंच पर मौजूद रहे। राजग ने केंद्र शासित प्रदेश में नौ अप्रैल को हुए चुनाव में जीत के साथ ही एक बार फिर सत्ता हासिल की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रंगासामी को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था।

# वीडी सतीशन हो सकते हैं केरलम के नए मुख्यमंत्री, आज कांग्रेस करेगी नाम का ऐलान

नई दिल्ली। केरल विधानसभा चुनाव के नतीजे जारे हुए 10 दिन हो गए हैं. लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान नहीं हो पाया है. इस बीच बड़ी खबर सामने आ रही है. सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस वीडी सतीशन को सीएम पद के लिए चुन सकती है. कल यानी 14 मई को पार्टी सीएम के नाम का ऐलान करेगी. कांग्रेस ने कहा है कि आलाकमान ने मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर अपनी चर्चाएं पूरी कर ली हैं.

### कांग्रेस आज करेगी सीएम के नाम का ऐलान

दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की एक हाई-लेवल बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी समेत पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता शामिल हुए. इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि 14 मई को सीएम के नाम का ऐलान किया जाएगा. उन्होंने कहा कि केरल में कांग्रेस विधायक दल के सदस्यों द्वारा अधिकृत किए जाने के बाद कांग्रेस आलाकमान ने सभी चर्चाएं पूरी कर ली हैं. केरल का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? इस पर फैसला गुरुवार को होगा.



### वायनाड में लगे पोस्टर

मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा में हो रही देरी पर जहां विरोधी कांग्रेस पर तंज कस रहे हैं, वहीं पार्टी में भी नाराजगी देखने को मिल रही है. वायनाड में जिला कांग्रेस कार्यालय के पास राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ पोस्टर लगाए गए हैं. इन पोस्टरों में आरोप लगाया गया है कि दोनों नेता केसी वेणुगोपाल को केरल का मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि राज्य में उनके खिलाफ माहौल है.

पोस्टरों में लिखा गया है, 'केरल आपको कभी माफ नहीं करेगा.' एक अन्य पोस्टर में लिखा गया, 'वायनाड दूसरा अमेठी बन जाएगा.' यह टिप्पणी 2019 में अमेठी लोकसभा सीट पर राहुल गांधी की हार की ओर इशारा करती है. वायनाड कभी राहुल गांधी का सबसे सुरक्षित राजनीतिक क्षेत्र माना जाता था और अब यहां से प्रियंका गांधी सांसद हैं. ऐसे में इसी क्षेत्र से उठ रहा विरोध गांधी परिवार के लिए बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है.

बता दें कि 140 सदस्यीय केरल विधानसभा में कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 102 सीटों पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 12वीं में 85.20 प्रति. छात्र हुए सफल, पिछले साल के मुकाबले पास प्रतिशत में आई गिरावट

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम 2026 घोषित कर दिए हैं। छात्र आधिकारिक वेबसाइटों के साथ-साथ डिजीलॉकर, उमंग ऐप और एसएमएस के जरिए भी अपनी मार्कशीट एक्सेस कर सकते हैं। भारी ट्रैफिक के कारण वेबसाइट स्लो होने की स्थिति में छात्र डिजीलॉकर का उपयोग कर बिना किसी परेशानी के डिजिटल मार्कशीट प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए छात्रों को अपना रोल नंबर और अन्य लॉगिन क्रेडेंशियल तैयार रखने की सलाह दी गई है।




सीबीएसई द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस साल कक्षा 12वीं का कुल पास प्रतिशत 85.20 प्रति. रहा है। अगर पिछले साल से तुलना करें, तो सफलता दर में 3.19 प्रतिशत अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। इस वर्ष कुल 17,80,365 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 17,68,968 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 15,07,109 छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए। हालांकि पास प्रतिशत घटा है, लेकिन उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या पिछले साल की तुलना में 10,802 अधिक है। सीबीएसई ने 2026 की बोर्ड परीक्षाओं को बेहद व्यापक स्तर पर आयोजित किया था। परीक्षा प्रक्रिया में कुल 19,967 स्कूलों ने भाग लिया और 18.57 लाख से अधिक छात्र बोर्ड परीक्षाओं के लिए पंजीकृत हुए। बोर्ड ने सभी विषयों के लिए लगभग 98.66 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया। परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए भारत और विदेशों में कुल 7,573 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

# 'देश में लेन ड्राइविंग का सिस्टम नहीं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट गाड़ियों में ट्रैकिंग डिवाइस लगवाएं', सुप्रीम कोर्ट का बड़ा निर्देश



नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारी कागजी घोड़े दौड़ाते रहे और देशभर में वाहन नियमों को रौंदते हुए सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। यात्री सुरक्षा से जुड़े ऐसे कई नियम-कानूनों की अवहेलना का मुद्दा सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु से जुड़ी जनहित याचिका के माध्यम से पहुंचा तो सुनवाई के दौरान बेपरवाह और ढुलमुल सरकारी तंत्र बेपर्दा हो गया।

सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए आदेश दिया है कि सार्वजनिक सेवा के वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) और पैनिक बटन के मामले में अब कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 56 के अंतर्गत फिटनेस प्रमाण पत्र तथा धारा 66 के अंतर्गत परमिट तभी जारी किया जाए, जब वाहन पोर्टल पर वीएलटीडी की स्थापना और कार्यशीलता का सत्यापन हो चुका हो।

कोर्ट ने आदेश दिया है कि 31 दिसंबर 2018 तक पंजीकृत पुराने वाहनों में भी वीएलटीडी और पैनिक बटन की रेट्रोफिटिंग सुनिश्चित की जाए। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को इस मामले की न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने सुनवाई की और अधिवक्ता एवं सड़क सुरक्षा कार्यकर्ता केसी जैन ने बहस की। न्यायालय द्वारा नियुक्त अमाइकस क्यूरी गौरव अग्रवाल ने भी पक्ष रखा।

कोर्ट में तथ्य रखे गए कि केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 125एच के अंतर्गत सभी सार्वजनिक सेवा वाहनों में वाहन लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस और आपातकालीन पैनिक बटन लगाना वर्षों पहले अनिवार्य किया गया था, परंतु आज भी 99 प्रतिशत से अधिक सार्वजनिक वाहन इस नियम का पालन किए बिना सड़कों पर चल रहे हैं।

### वीएलटीडी और पैनिक बटन की स्थापना सुनिश्चित करें राज्य- सुप्रीम कोर्ट

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 19 दिसंबर, 2025 को सभी राज्यों को पत्र लिखकर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया था। एक जनवरी 2026 से वाहन पोर्टल पर वीएलटीडी की अनिवार्य जांच भी लागू की गई है। इसके बावजूद स्थिति संतोषजनक नहीं है।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी राज्य सरकारें, केंद्र शासित प्रदेश नए और पुराने दोनों प्रकार के सार्वजनिक सेवा वाहनों में समयबद्ध एवं सत्यापन तरीके से वीएलटीडी और पैनिक बटन की स्थापना सुनिश्चित करें।

फिटनेस प्रमाण पत्र और परमिट तभी जारी किया जाए, जब वाहन पोर्टल पर वीएलटीडी की स्थापना और कार्यशीलता का सत्यापन हो चुका हो। साथ ही केंद्र सरकार वाहन निर्माताओं को विनिर्माण अथवा वितरण के समय ही वीएलटीडी लगाने के बाध्यकारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# यूपी में आंधी-बारिश से तबाही : प्रदेशभर में 47 लोगों की मौत, फसलों को भारी नुकसान

लखनऊ। प्रदेश में बुधवार को आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने भारी तबाही मचाई। प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों पर बने चक्रवाती परिसंचरण व दक्षिणी राजस्थान से आ रही पुरवा हवा से कई जिलों में 100 किमी प्रति घंटा से अधिक रफ्तार से आंधी चली।



इस कारण अलग-अलग जिलों में पेड़, दीवार और बिजली गिरने से कुल 47 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। आंधी के कारण रेल और बिजली व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित रही। सबसे अधिक असर प्रयागराज मंडल में देखने को मिला।

प्रयागराज में 16, प्रतापगढ़ में चार और कौशांबी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रयागराज के हंडिया क्षेत्र में सबसे ज्यादा 10 लोगों ने जान गंवाई। तेज चक्रवाती आंधी के दौरान दो हजार से अधिक पेड़ उखड़ गए। रेल लाइनों पर पेड़ गिरने से कई ट्रेनें रास्ते में खड़ी रहीं।

प्रयागराज-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस भी करीब सवा घंटा रुकी रही। कानपुर और आसपास के जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के दौरान 12 लोगों की मौत हुई। फतेहपुर में निर्माणाधीन भवन गिरने, पेड़ टूटने और हादसों में सात लोगों की जान चली गई।

उन्नाव में पेड़ और बिजली का खंभा गिरने से एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। कानपुर देहात में युवती और बालिका की जान चली गई, जबकि 33 बकरियां भी मर गईं। कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग और उन्नाव-रायबरेली रेलमार्ग पर पेड़ गिरने से ट्रेनों का संचालन घंटों प्रभावित रहा।

कई जिलों में बिजली के खंभे और तार टूटने से हजारों गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सरकार ने मृतकों के स्वजन को आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। बरेली मंडल में भी आंधी जानलेवा साबित हुई। बरेली, बदायूं और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# महंगाई की मार : अमूल ने 2 रुपये महंगा किया दूध

अहमदाबाद। देश के सबसे बड़े डेयरी ब्रांड अमूल ने आम जनता को महंगाई का एक और बड़ा झटका दिया है। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ ने देशभर में दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। यह नई दरें 14 मई 2026 से पूरे भारत में प्रभावी हो जाएंगी। जीसीएमएमएफ के अनुसार, ताजे दूध के पाउच और पैकेट के सभी प्रमुख प्रकारों में यह वृद्धि की गई है।




### क्यों बढ़ाए गए दाम?

महासंघ ने आधिकारिक बयान में बताया कि दूध उत्पादन और संचालन की लागत में लगातार हो रही वृद्धि के कारण यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था। विशेष रूप से पशुओं के चारे, पैकेजिंग मटेरियल और ईंधन की कीमतों में उल्लेखनीय तेजी आई है। हालांकि, जीसीएमएमएफ ने यह भी स्पष्ट किया कि नई कीमतें औसतन 2.5 से 3.5 प्रतिशत तक ही बड़ी हैं, जो मौजूदा खाद्य मुद्रास्फीति की तुलना में काफी कम हैं।

### किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

संस्था का दावा है कि कीमतों में इस इजाफे का बड़ा हिस्सा सीधे पशुपालक किसानों की जेब में जाएगा। जीसीएमएमएफ ने दूध खरीद मूल्य में प्रति किलोग्राम फैट (वसा) पर 30 रुपये की बढ़ोतरी की है, जो मई 2025 की तुलना में 3.7 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले अमूल ने 1 मई 2025 को दूध के दामों में बदलाव किया था।

### आम बजट पर पड़ेगा असर

विशेषज्ञों का मानना है कि दूध महंगा होने से न केवल रसोई का बजट बिगड़ेगा, बल्कि इसका 'डोमिनो इफेक्ट' अन्य उत्पादों पर भी दिखेगा। दूध की कीमतों में वृद्धि के कारण आने वाले दिनों में चाय, कॉफी, मिठाई, पनीर, दही और अन्य डेयरी उत्पादों के दाम भी बढ़ सकते हैं। विशेष रूप से उन मध्यमवर्गीय परिवारों पर इसका अधिक बोझ पड़ेगा जहाँ दूध की दैनिक खपत अधिक है।

# प्रतीक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा : मौत से पहले शरीर पर थे चोट के निशान, 'पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म' से गई जान!

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भाई प्रतीक यादव का बुधवार तड़के 38 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे राजनीति से दूर रहकर अपना रियल एस्टेट और फिटनेस का व्यवसाय संभाल रहे थे। उनके निधन की खबर से प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर विपक्षी नेताओं ने इस पर गहरा दुख व्यक्त किया है. प्रतीक के निधन के बाद पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की असली वजह सामने आई है और अब परिवार उनके अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटा है।

### किचन में अचानक गिरे और अस्पताल में मृत घोषित

परिवार के करीबी मुकेश बहादुर सिंह के अनुसार, बुधवार सुबह प्रतीक यादव की तबीयत अचानक बिगड़ी और वे अपने घर के किचन में बेहोश होकर गिर पड़े। उस वक्त उनकी पत्नी अपर्णा यादव लगातार फोन पर संपर्क में थीं। परिवार उन्हें तुरंत लखनऊ के सिविल अस्पताल ले गया, जहाँ डॉक्टरों ने उनकी नब्ज और पुतलियों की जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### 'कार्डियोरेस्पिरेटरी कोलैप्स' बना कारण

लखनऊ मेडिकल कॉलेज द्वारा जारी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, प्रतीक यादव की मौत 'कार्डियोरेस्पिरेटरी कोलैप्स' की वजह से हुई है. डॉक्टरों ने बताया कि यह स्थिति 'पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म' के कारण बनी, जिसमें फेफड़ों की नसों में खून का थक्का जम जाता है और दिल अचानक काम करना बंद कर देता है। रिपोर्ट में यह भी साफ किया गया कि शरीर पर मिले चोट के निशान मृत्यु से पहले के थे।

### अधूरा इलाज और विसरा सुरक्षित

जांच में यह भी सामने आया कि प्रतीक 30 अप्रैल को फेफड़ों की इसी बीमारी के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती हुए थे, लेकिन वे डॉक्टरों की सलाह के बिना ही अस्पताल से घर चले आए थे। मौत की गहराई से जांच के लिए डॉक्टरों ने उनके हार्ट और फेफड़ों के सैंपल के साथ-साथ विसरा को भी सुरक्षित रख लिया है।

### कल पिपरा घाट पर होगा अंतिम संस्कार

प्रतीक यादव का पार्थिव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पीएम मोदी ने खुद के काफिले से हटाई आधी गाड़ियां, मंत्रियों को भी दिया सादगी का कड़ा संदेश

नई दिल्ली। पेट्रोल-डीजल संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी खर्च में कटौती और मितव्ययिता को बढ़ावा देने के लिए अपने काफिले को घटाकर आधा कर दिया। पीएम मोदी के बाद गृहमंत्री ने भी अपने काफिले को आधा करने का फैसला किया है। एसपीजी ने इस निर्देश का पालन शुरू कर दिया है। गुवाहाटी में हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण समारोह में जाते समय भी पीएम मोदी के काफिले का आकार छोटा दिखाई दे रहा था।



मीडिया खबरों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने अपनी सुरक्षा के लिए तैनात विशेष सुरक्षा दल (एसपीजी) को काफिले में वाहनों की संख्या 50 फीसदी तक कम करने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाने की इच्छा जताई है। साथ ही अतिरिक्त खर्च से बचने के लिए नए वाहन खरीदने पर भी रोक लगा दी है।

### कई दिग्गज करेंगे अनुसरण

पीएम मोदी की यह पहल न केवल सरकारी संसाधनों की बचत करेगी बल्कि मंत्रियों और अधिकारियों के लिए भी उदाहरण बनेगी। ऐसा माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के बाद कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री काफिला घटाने का फैसला कर सकते हैं।

## पहला कॉलम...

# आज सुरगी में 'रंग छत्तीसगढ़ महोत्सव'

### जुटेंगे अंचल के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार, रंग धारा की होगी रंगा-रंग प्रस्तुति




राजनांदगांव (दावा)। आदर्श ग्राम सुरगी में आज 14 मई गुरुवार को छत्तीसगढ़ रंग महोत्सव-2026 का भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपरागत कलाओं को जीवंत रखने के उद्देश्य से ग्राम सुरगी में आयोजित इस रंग छत्तीसगढ़ महोत्सव 2026 में आज बड़ी संख्या में अंचल के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार जुटेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जी होंगे। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक कला मंच 'रंग धारा सुरगी' की विशेष प्रस्तुति रहेगी। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों में सुप्रसिद्ध लोक गायिका कविता वासनिक, महादेव हिरवानी, ढाल सिंह देशलहरे, मालती निषाद, विष्णु कश्यप द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यक्रम के संचालक खुमेश साहू ने बताया कि आज ग्राम सुरगी में आयोजित इस भव्य एवं रंगा कार्यक्रम में लोक नृत्य पंथी, राउत नाचा, सुआ आदि के साथ लोक गीत-संगीत और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों से सुरगी का वातावरण गूंज उठेगा। आयोजन समिति व रंग धारा के व्यवस्थापक भागवत वर्मा ने सभी ग्रामवासियों, लोक कला प्रेमियों व संगीत अनुरागियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

## अग्रसेन भवन में आज लगेगा नि:शुल्क स्पीच थेरेपी मेगा शिविर



डोंगरगढ़ (दावा)। बच्चों एवं युवाओं में बढ़ती तुतलाहट, हकलाहट एवं वाणी दोष की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से अग्रवाल सभा द्वारा निःशुल्क स्पीच थेरेपी मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 14 मई से 17 मई तक अग्रसेन भवन, पुराने बस स्टैंड के पीछे आयोजित होगा। शिविर में रायपुर के प्रसिद्ध स्पीच विशेषज्ञ सत्यनारायण मित्तल द्वारा बच्चों एवं युवाओं की जांच कर वाणी दोष से मुक्ति दिलाने आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति अग्रवाल सभा की पहल से उपचार एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा।


अग्रवाल सभा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में वाणी दोष, तुतलाहट, हकलाहट जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। शिविर में 3 वर्ष से 40 वर्ष 3 से 40 वर्ष तक के लोगों को मिलेगा लाभ तक के लोगों का परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों की समस्या के अनुसार थेरेपी एवं अभ्यास बताए जाएंगे, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ सके और वे सामान्य जीवन में सहज रूप से संवाद कर सकें।

शिविर में भाग लेने के लिए पूर्व पंजीयन आवश्यक रखा गया है। पंजीयन सत्यनारायण मित्तल के मोबाइल नंबर 9826183171 पर करना होगा। साथ ही है अभिभावकों से बच्चे का नाम, आयु, कक्षा, पूरा पता एवं माता-पिता की जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। शिविर में आने वाले प्रतिभागियों को फोटो साथ लाने कहा गया है। अग्रवाल सभा, महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित यह शिविर सामाजिक सेवा एवं जन जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। संस्था का उद्देश्य वाणी दोष से पीड़ित बच्चों एवं युवाओं को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करना है, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ सकें। डोंगरगढ़ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने क्षेत्र के लोगों से इस निशुल्क शिविर का अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है।

## पीएम-आशा योजनांतर्गत दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी पर किसानों को 1.86 करोड़ रुपए का भुगतान

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना अंतर्गत जिले में दलहन एवं तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। अब तक जिले में चना, मसूर, सरसों, अरहर एवं सोयाबीन फसलों का उपार्जन केन्द्रों में विक्रय किया जा चुका है। जिसमें 428 कृषकों को लगभग 1.86 करोड़ रूपए की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। शेष राशि के भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

उपसंचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री आशा योजना के तहत प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के 15 उपार्जन केन्द्रों तथा एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सुकुलदैहान द्वारा दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी की जा रही है। जिले में चना के पंजीकृत 8942 हेक्टेयर रकबे से 10717.50 क्विंटल, मसूर के 2238 हेक्टेयर रकबे से 1510 क्विंटल, सरसों के 830 हेक्टेयर रकबे से 490 क्विंटल, अरहर के 127 हेक्टेयर रकबे से 413 क्विंटल तथा सोयाबीन के 399 हेक्टेयर रकबे से 7350 क्विंटल उपज की खरीदी की जा चुकी है।







# विहिप मातृशक्ति अभ्यास वर्ग का समापन, संस्कारित समाज के निर्माण का लिया संकल्प

### नीरज वाजपेई स्कूल में हुआ चार दिवसीय प्रांत स्तरीय आयोजन, प्रदेशभर से जुटीं कार्यकर्ता



राजनांदगांव (दावा)। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के मातृशक्ति आयाम द्वारा आयोजित चार दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रांत स्तरीय अभ्यास वर्ग का राजनांदगांव में सफलतापूर्वक समापन हुआ। नीरज वाजपेई इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 7 मई से 10 मई तक चले इस शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई मातृशक्ति कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक कार्य पद्धति, सांस्कृतिक जागरण, राष्ट्र भाव और सेवा गतिविधियों में महिलाओं की सक्रियता को बढ़ाना रहा।

प्रांत संयोजिका श्रीमती शशि बंछोर के नेतृत्व में आयोजित इस वर्ग में विहिप के केंद्रीय और क्षेत्रीय स्तर के दिग्गज पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अभ्यास सत्रों में विहिप केंद्रीय मंत्री अजय पारीक, केंद्रीय संगठन मंत्री विनायक राव, क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पवार और क्षेत्रीय मातृशक्ति संयोजिका श्रीमती सुनीता गर्ग ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार और व्यक्तित्व विकास के गुर सिखाए। इनके साथ ही प्रांत मंत्री पुरेंद्र सिन्हा, सह मंत्री नंदू राम साहू, प्रांत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता बिसेन, सह सेवा प्रमुख पूजा जैन और सह संयोजिका श्रीमती उमा गुप्ता ने भी विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए।

### भोर से रात्रि तक चला कड़ा प्रशिक्षण

शिविर की दिनचर्या प्रतिदिन प्रातः 4.30 बजे योग और प्राणायाम के साथ शुरू होती थी, जो रात्रि 10.30 बजे तक विभिन्न सत्रों में जारी रहती थी। इस दौरान धर्म रक्षा, परिवार प्रबोधन, भारतीय संस्कृति और संस्कारों पर आधारित बौद्धिक एवं व्यवहारिक सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण में अनुशासन, गीत अभ्यास और सामूहिक चर्चा के माध्यम से महिलाओं को समाज की चुनौतियों से लड़ने के लिए तैयार किया गया।

### धर्मांतरण और लव जिहाद जैसी चुनौतियों पर मंथन

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि मातृशक्ति ही समाज की आधारशिला है। वर्तमान में समाज के सामने मौजूद चुनौतियों जैसे परिवार का विघटन, सांस्कृतिक प्रदूषण, नशाखोरी, धर्मांतरण और कथित लव जिहाद जैसी घटनाओं पर गंभीर मंथन किया गया। कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया कि वे समाज और परिवार में सेवा, सुरक्षा और संस्कार के माध्यम से इन चुनौतियों का सामना कैसे करें। समापन के अवसर पर सभी बहनों ने राष्ट्र हित और समाज हित में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। विहिप जिला मंत्री त्रिगुण सादानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भव्य आयोजन की सफलता में समस्त पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और स्थानीय कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# डॉ. रमन सिंह ने सुशासन तिहार शिविर में 4-4 लाख रुपए के सहायता राशि का चेक प्रदान किया



**० आकाशीय बिजली से मृतकों के परिजनों को मिली शीघ्र आर्थिक सहायता**

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत मुड़पार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विगत दिनों आकाशीय बिजली गिरने से ग्राम सोमनी के दो नागरिकों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान किए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत मृतकों के परिजनों श्रीमती सरोज निषाद एवं श्री ईश्वरदास को 4-4 लाख रूपए की स्वीकृत सहायता राशि का चेक सौंपा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर तत्काल सहायता राशि स्वीकृत की गई है, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

# पिट्ठू बैग में छिपाकर ले जा रहे मादक पदार्थ गांजा को पुलिस ने पकड़ा

### अलग-अलग दो प्रकरणों में घुमका पुलिस ने अवैध गांजा के दो आरोपी को धर दबोचा

घुमका (दावा)। घुमका पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अलग अलग दो प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए दो अवैध गांजा परिवहन करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। इन प्रकरणों में गाडी के डिक्की व पीठू बैग में छिपाकर रखे हुए मादक पदार्थ गांजा पुलिस ने जब्त की है।

बताया जाता है कि पुलिस को देखकर आरोपी हुआ सर्तक हो गए थे और भागने का प्रयास कर रहे थे जिन्हे घेराबंदी कर पकडा गया । दोनों आरोपियों के कब्जे से 50 हजार रुपए कीमत की कुल 05 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। वहीं आरोपियों से मादक पदार्थ गांजा के अवैध परिवहन में प्रयुक्त दो नग मोटर सायकल हिरो स्पलेंडर प्लस वाहन को भी जब्त किया गया है।

### पुलिस देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे आरोपी

घुमका थाना प्रभारी विजय मिश्रा ने बताया कि मुखबीर से उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि गोपालपुर गिधवा रोड व हरडुवा से घुमका की ओर दो अलग अलग व्यक्ति दोनों काला रंग के हिरो स्पलेंडर प्लस मोटर सायकल में अवैध रूप से गांजा परिवहन हेतु जा रहे है। मुखबीर के बताये अनुसार मोटर सायकल हीरो स्पलेंटर आया जो पुलिस को देखकर भाग रहा था जिसे घेराबंदी का पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति के द्वारा पकड़े गये पहले व्यक्ति के मोटर सायकल के डिक्की के अंदर थैला में 2 पैकेट में करीबन 2 किलो 58 ग्राम व दूसरे व्यक्ति पकडे पीट्ठू बैग को चेक किया गया। पुलिस को उक्त पिट्ठू बैग के अंदर अलग-अलग 2 पैकेटों में करीबन 2 किलो 946 ग्राम गांजा कीमत पचास हजार का होना पाया गया। मादक पदार्थ गांजा परिवहन में प्रयुक्त दो नग मोटर सायकल को जप्त किया गया। आरोपी दीपक पटेल पिता स्व. भुवन पटेल उम्र 50 साल निवासी भटगांव व आारोपी देवकुमार साहू पिता स्व. उदल साहू उम्र 24 साल निवासी पटेवा के विरूद्ध थाना घुमका में अपराध क्रमांक - 59/2026, 60/2026 अपराध धारा 20(बी)(2)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत घटित करना पाये जाने से विवेचना कार्यवाही के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु पेश किया गया।



# पीएम मोदी की अपील पर कांग्रेस की नकारात्मक सोच देशहित में नहीं- हैरी जोसेफ



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया राष्ट्रहित अपील का समर्थन करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देशहित को सर्वोपरि मानकर जो सोचते हैं वैसी दूरदृष्टि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के नेताओं में दिखाई नहीं देती। हैरी जोसेफ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश और जनता के हित में नए-नए निर्णय और सुझाव लेकर आते हैं लेकिन कांग्रेस उनकी हर सकारात्मक पहल को नकारात्मक राजनीति का विषय बना देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता को भ्रमित करने और राजनीतिक लाभ लेने के लिए प्रधानमंत्री की अपीलों का गलत अर्थ निकाल रही है।

उन्होंने कहा कि देश की जनता अब जागरूक, शिक्षित और समझदार हो चुकी है। यदि कांग्रेस की बातें जनता को प्रभावित करतीं तो आज देशभर में कांग्रेस की सरकारें होतीं। लेकिन लगातार चुनावों में जनता कांग्रेस को नकार रही है जो यह साबित करता है कि जनता राष्ट्रहित और विकास की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। हैरी जोसेफ ने प्रधानमंत्री की हालिया अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचने, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, घर से कार्यालय का कार्य करने की व्यवस्था को बढ़ावा देने, खाद्य तेल के सीमित उपयोग, रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने की अपील की है।

जोसेफ ने आगे कहा कि वर्तमान समय में विश्व स्तर पर युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं विशेषकर खाड़ी देशों में तनाव की स्थिति के कारण तेल और गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री जी द्वारा देशवासियों से संसाधनों के संयमित उपयोग और आत्मनिर्भरता की दिशा में सहयोग की अपील करना पूरी तरह राष्ट्रहित में है। हैरी जोसेफ ने कहा कि कांग्रेस इस गंभीर विषय को भी राजनीति का माध्यम बना रही है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश पर लंबे समय तक शासन किया लेकिन नकारात्मक सोच और कमजोर नीतियों के कारण देश अपेक्षित गति से विकास नहीं कर पाया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक सम्मान की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# हर समाज को प्रेरित करेगी भक्त माँ कर्मा 15 मई से भव्य प्रदर्शन

### साहू समाज की अधिष्ठात्री संत शिरोमणि माँ कर्मा जी के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित ऐतिहासिक फिल्म



राजनांदगांव (दावा)। साहू समाज की अधिष्ठात्री संत शिरोमणि भक्त माँ कर्मा जी के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित बहुप्रतीक्षित हिंदी फीचर फिल्म भक्त माँ कर्मा आगामी 15 मई 2026 शुक्रवार को छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न सिनेमाघरों में भव्य रूप से प्रदर्शित होने जा रही है। लगभग एक हजार वर्ष पूर्व माँ कर्मा जी के जीवन, उनकी अटूट भक्ति, अदम्य साहस, सेवा, त्याग, समरसता और लोककल्याण की भावना को इस फिल्म में अत्यंत भावपूर्ण एवं भव्य तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

करीब 40 वर्षों बाद धार्मिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर बनी यह भव्य फिल्म दर्शकों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का संदेश देगी। फिल्म केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है बल्कि यह नारी शक्ति और नारी सशक्तिकरण का भी सशक्त प्रतीक बनकर सामने आ रही है। फिल्म के प्रदर्शन को लेकर साहू समाज एवं सर्व समाज में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों ने सभी नागरिकों से परिवार सहित फिल्म देखने की अपील की है। इस अवसर पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, महापौर मधुसूदन यादव, राजगामी संपदा के अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू, जिला पंचायत सभापति देव कुमारी साहू , जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू, कोषाध्यक्ष नोबेल साहू, उपाध्यक्ष विवेक साहू एवं उपाध्यक्ष शेखर साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और समाजजनों ने सर्व समाज से इस ऐतिहासिक फिल्म को देखने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, आस्था, सेवा और साहस की प्रेरणा देगी। भक्त माँ कर्मा, शक्ति, भक्ति, मुक्ति और अदम्य साहस की मिसाल यह फिल्म सिल्वर स्क्रीन मल्टीप्लेक्स राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न सिनेमाघरों में 15 मई से भव्य प्रदर्शन के लिए तैयार है। सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से आग्रह है कि वे सहपरिवार पहुंचकर इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक फिल्म का आनंद लें और भारतीय संस्कृति के इस गौरवपूर्ण प्रयास का हिस्सा बनें।

## नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन मई 2026 हेतु कार्यक्रम जारी

राजनांदगांव (दावा)। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन मई 2026 हेतु समय-अनुसूची (कार्यक्रम) जारी किया गया है। जिसके तहत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु 11 मई 2026 पूर्वान्ह 10.30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन एवं स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन किया गया। साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 18 मई 2026 को अपरान्ह 3 बजे तक है। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 19 मई 2026 को पूर्वान्ह 10.30 बजे से की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 21 मई 2026 अपरान्ह 3 बजे तक है तथा अभ्यर्थिता वापसी के बाद रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन लडने् वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। नगरीय निकाय हेतु 1 जून 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आवश्यकता होने पर मतदान किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 4 जून 2026 को सुबह 9 बजे से मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत 1 जून 2026 को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आवश्यकता होने पर मतदान किया जाएगा तथा मतदान के पश्चात मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना की जाएगी। आवश्यकता होने पर खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 2 जून 2026 को सुबह 9 बजे से की जाएगी। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में खण्ड स्तर पर सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 4 जून 2026 को सुबह 9 बजे से की जाएगी।

### शुभांक

बी. के.
4-5-9
670-3 679-2
राजधानी
1-7-0
600-6 233-8

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### नाम परिवर्तन

मैं यामिनी खापर्डे पिता दीपक खापर्डे, आयु लगभग 32 वर्ष निवासी शिक्षक नगर, स्टेशन पारा, वार्ड नंबर 10, राजांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव की निवासी हूँ।

यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम यामिनी खापर्डे पिता दीपक खापर्डे से बदलकर मन्नत ध. प. मोहम्मद सफर रख ली थी।

मेरे वर्तमान में शैक्षणिक एवं शासकीय कार्यो में परेशानी होने पर आज से मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नाम को यामिनी खापर्डे पिता दीपक खापर्डे नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

यह कि मन्नत ध. प. मोहम्मद सफर के नाम को संशोधन कर यामिनी खापर्डे पिता दीपक खापर्डे कर छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशित करना चाहती हूँ। अतः प्रकाशन उपरांत मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम यामिनी खापर्डे पिता दीपक खापर्डे लिखा-पढ़ा जावे।

**यामिनी खापर्डे**
पिता दीपक खापर्डे, आयु लगभग 32 वर्ष निवासी शिक्षक नगर, स्टेशन पारा, वार्ड नंबर 10, राजांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव

## सीएचएमओ ने अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी का किया औचक निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संस्था प्रभारी डॉ. अंकिता गोस्वामी द्वारा ड्यूटी रोस्टर का डिस्प्ले नहीं कराया जाना पाया गया। इस पर सीएचएमओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ड्यूटी रोस्टर का प्रदर्शन कराना संस्था प्रभारी की नैतिक जिम्मेदारी है। उपस्थिति जांच के दौरान पीजीएमओ डॉ. गरिमा अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनामिका शर्मा, आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. आईशा गाजी तथा स्टॉफ नर्स श्रीमती चित्ररेखा कार्य से अनुपस्थित पाई गई। वहीं फार्मासिस्ट श्रीमती नेहा परवीन लंबे समय से बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर होना पाया गया। सीएचएमओ ने संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा मई माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने, कार्य में लापरवाही बरतने एवं अवकाश स्वीकृति के बिना कार्यस्थल से दूर रहने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी घुमका डॉ. नंदकिशोर टंडन तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) श्री संदीप ताम्रकार उपस्थित थे।

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**सामान्य वनमंडल, धरमजयगढ़ (छ.ग.)**

**ई-नीलाम विज्ञापन**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ़ के काष्ठागार धरमजयगढ़ में उपलब्ध ईमारती एवं जलाऊ लकड़ी का दर्शित तिथि समय में ई-नीलाम किया जावेगा।

1.ई-नीलाम दिनांक - 20/05/2026 2. ई-नीलाम समय- प्रातः 09:00 बजे से प्रारंभ

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | पुराने वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी में | बल्ली नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 90.000 | 200 | 107.375 | 0 | 197.375 | 200 |
| 2 | साल | 500.000 | 200 | 2218.925 | 3102 | 2718.925 | 3302 |
| 3 | बीजा | 25.000 | 0 | 149.842 | 0 | 174.842 | 0 |
| 4 | खम्हार | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | साजा | 10.000 | 50 | 68.474 | 965 | 78.474 | 1015 |
| 6 | हल्दू | 0 | 0 | 20.117 | 0 | 20.117 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 10.000 | 50 | 9.666 | 209 | 19.666 | 259 |
| 8 | सलिहा | 0 | 0 | 7.915 | 0 | 7.915 | 0 |
| 9 | अन्य | 10.000 | 0 | 275.404 | 1574 | 285.404 | 1574 |
| 10 | आर.टी.एल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग:- | 645.000 | 500 | 2857.718 | 5850 | 3502.718 | 6350 |
| 11 | जलाऊ | 260 चट्टा | - | 4026 चट्टा | 0 | 4286 चट्टा | - |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे ई-नीलाम में भाग लेवें। ई-नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी-अधिकता संभव है।

जी- 262700701/1

वनमण्डलाधिकारी
धरमजयगढ़ वनमण्डल

# डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल स्कूल के होनहारों ने बढ़ाया मान : देविका, आराध्य और प्रज्ञा ने अपने संकायों में किया टॉप




राजनांदगांव (दावा)। डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में अपनी मेहनत और मेधा का शानदार परिचय दिया है। घोषित परिणामों में विद्यालय के तीनों संकायों–कला, विज्ञान और वाणिज्य के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं।

### कला संकाय में देविका साहू बनीं स्कूल टॉपर

कला संकाय की छात्राओं ने पूरे विद्यालय में श्रेष्ठता सिद्ध की है। देविका साहू ने 89.2 प्रति. अंक अर्जित कर न केवल अपने संकाय में, बल्कि पूरे स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संकाय के अन्य टॉपर्स में शामिल हैं देविका साहू (89.2 प्रति.), काव्य मरकाम 80 प्रति., श्रेया गांधी 80 प्रति., शैली अग्रहरी 80 प्रति., अक्षरा झा 72 प्रति. टापर रही।

### विज्ञान संकाय आराध्य शर्मा ने मारी बाजी

विज्ञान संकाय में कड़े मुकाबले के बीच आराध्य आलोक शर्मा ने 86 प्रति. अंकों के साथ विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कठिन विषयों में उनके शानदार प्रदर्शन ने सभी को प्रभावित किया है। टॉप-5 मेधावी छात्र आराध्य शर्मा (85.8 प्रति.), वोनिशा साहू (78.6 प्रति.), वेदांश वैष्णव (77.2 प्रति.), सिद्धि ठाकुर (68.0 प्रति.), याशी महाजन (67.8 प्रति.) टापर रही।

### वाणिज्य संकाय प्रज्ञा सिंह ने लहराया परचम

वाणिज्य संकाय में प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने 82.6 प्रति. अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपनी योग्यता साबित की।

### सफलता के मुख्य बिंदु

**छात्राओं का दबदबा-** ह्यूमैनिटीज में और वाणिज्य संख्या में छात्राओं ने टॉप कर अपना दबदबा बनाए रखा है।

**विषय-वार निपुणता-** देविका साहू ने कला विषयों में और आराध्या शर्मा ने विज्ञान के जटिल विषयों में असाधारण पकड़ दिखाई है।

**सर्वांगीण विकास-** टॉपर्स की सूची में शामिल विद्यार्थियों ने न केवल शैक्षणिक बल्कि शारीरिक शिक्षा जैसे विषयों में भी शानदार ग्रेड हासिल किए हैं। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी होनहारों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। प्राचार्या एकता खण्डेलवाल ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी और विद्यालय निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

शाला प्रबंधन समिति अध्यक्षा डॉ सविता जे बी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, डॉ. आई.के. वैष्णव, अकैडमिक निदेशक अभिषेक खण्डेलवाल ने बताया कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# गायत्री विद्यापीठ के छात्रों का 12वीं सीबीएसई की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन: पार्थ, जय व सुमित रहे प्रथम




राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी शाला जेएलएम गायत्री विद्यापीठ केशर नगर में सीबीएसई बोर्ड सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।

कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय में प्रथम पार्थ देवांगन पिता योगेश्वर प्रसाद देवांगन माता तुलेश्वरी देवांगन ने 93.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, दीपिका अग्रवाल पिता दीपक कुमार अग्रवाल माता मंजू अग्रवाल ने 86.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, सत्यम सरकार पिता शशांक शेखर सरकार माता सोमा सरकार ने 86.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बायोलॉजी विभाग से जय सोलंकी पिता मनोज सोलंकी माता कंचन सोलंकी ने 91.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, भूमिका साहू पिता अशोक कुमार साहू माता अनुसुईया साहू ने 89.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय एवं यश देवांगन पिता अमित देवांगन माता रश्मि देवांगन ने 88.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गणित संकाय में सुमित कुमार शर्मा पिता अरूण कुमार शर्मा, माता संगीता शर्मा ने 89.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, सुरभि हिरवानी पिता देवेन्द्र हिरवानी माता राखी हिरवानी ने 86.4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान एवं स्नेहा देवांगन पिता शैलेन्द्र देवांगन माता रोशनी देवांगन ने 83.8 प्रतिशत अंक एवं राकेश कुमार मोहनमाला पिता देवेन्द्र कुमार माता कीर्ति मोहनमाला ने 83.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शाला के प्राचार्य अंकित व्यास ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व लगन, अभिभावक एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन के परिणाम स्वरूप उनका दृढ़ आत्मविश्वास एवं हौसला बढ़ता है और वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर इस मंजिल पर पहुँचे है।


इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, उपाध्यक्ष राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, स्पोर्ट्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, गायत्री परिवार से श्रीमती दीपा ठक्कर, सहस्पोर्ट्स डायरेक्टर मनोज चितलांग्या, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, प्राचार्य अंकित व्यास, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उर्मिला मिश्रा ने दी।

## श्रीमती ज्ञान कौर भाटिया का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। श्रीमती ज्ञान कौर भाटिया का 100 वर्ष की आयु में बुधवार की सुबह निधन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र अमरजीत सिंह भाटिया व भाजपा नेता करनैल सिंह भाटिया सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में प्रातः 11 बजे किया गया। उनके निधन पर सिख समाज शहर भाजपा विश्व जागृति मिशन सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## कक्षा बारहवीं सीबीएसई बोर्ड में नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा




राजनांदगांव (दावा)। नीरज पब्लिक स्कूल पेण्ड्री, राजनांदगांव में सी.बी.एस.ई. कक्षा 12 वीं में कामर्स संकाय से गौरांग अगवाल (प्रमोद कुमार कविता अग्रवाल) ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भवि जैन (निलेश कुमार रूचिता गिड़िया) ने 91.40 प्रतिशत् अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं तिथि चतुर्वेदी (रौशन निधि चतुर्वेदी) ने 89.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शाला के जीव विज्ञान संकाय में शुभाश्री नंदा (शुशांत कुमार श्रद्धांजलि नंदा) ने 90.40 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम तथा शुभम सोनी (जयकिशोर प्रिया सोनी) ने 85.80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान व जान्हवीं साहू (भानुप्रताप टोमेश्वरी साहू) ने 83.20 प्रतिशत अंकों से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गणित संकाय से जान्हवीं तिवारी (स्वपनिल प्रियंका तिवारी) 88.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, वैभव मेहर (रोहित बबीता मेहर) 86.80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा अमाया साहू (भुवनेश्वर चित्रकला साहू) 83.80 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही।

शाला के 3 विद्यार्थियों ने अवनी साहू व शिवम साहू ने विषय संगीत में 100/100 एवं जान्हवी तिवारी ने आई.टी. में 100/100 अंक अर्जित किए है। शाला में कक्षा बारहवीं में 74 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। शाला के 23 विद्यार्थियों ने 80 से अधिक अंक प्राप्त किए है। सभी सफल विद्यार्थियों को शाला के चेयरमेन संतोष अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश उभरानी, सचिव पराग बोद्नन, सहसचिव भरत ठक्कर, कोषाध्यक्ष हरिनारायण अग्रवाल व समस्त डॉयरेक्टर्स, शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते, शाला प्रशासक विपिन गौते, एकेडेमिक इंचार्ज दीपक लहरवानी, अरसला खान, निशात खान, लक्ष्मी चौहान, रीना अग्रवाल, तमन्ना साहू, नुसरत बानों सीबीएसई प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, परीक्षा प्रभारी श्रीपाल गोलछा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सुशासन तिहार : ठा. प्यारेलाल स्कूल में 5 वार्ड के लिए जनसमस्या निवारण शिविर में 126 आवेदन प्राप्त



**15 मई को वार्ड नं. 14,15 व 24 के लिए स्टेट स्कूल मैदान में शिविर**

राजनांदगांव (दावा)। जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हे शासन की योजनाओं का लाभ देने प्रदेश में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत निकाय क्षेत्र में जन समस्या निवारण के लिए वार्डो में शिविर लगाया जा रहा है। आज ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल में वार्ड नं. 16,17,18,19 एवं 23 के लिए शिविर आयोजित किए गए। शिविर में निगम सहित विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया, जहॉ नागरिकों की शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदन लिया गया। शिविर में कुल 126 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग के 106 तथा शिकायत के 20 आवेदन आए।

ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल के शिविर में संबंधित वार्ड के पार्षद में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद श्रीमती संगीता देवांगन व श्रीमती रेखा पारख के अलावा कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद संतोष साहू, पार्षद प्रतिनिधि अभय पारख व संतोष निर्मलकर विशेष रूप से उपस्थित होकर वार्डवासियो को अपनी शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदन जमा कर शासन की योजनाओ का लाभ लेने अपील किए। अतिथियों ने विभागीय स्टाल का निरीक्षण कर जानकारी लिए एवं गर्भवती महिलाओ की गोदभराई कर नवजात शिशुओ का अन्नप्राशन कराया।

शिविर में आज राष्ट्रीय खेल में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त करने पर खिलाडियो को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 21 हजार रूपये व मेडल दिया गया, जिसे आज के शिविर में खिलाडी शिवम देवांगन, खिलेन्द्र सेन एवं रोहनी यादव को अतिथियो ने वितरित किया। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा श्री दीपेश यादव को छडी वितरण किया गया तथा परिवहन विभाग द्वारा 3 ड्राईविंग लाईसेंस भी वितरित की गयी। शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के माध्यम से उपस्थितजनों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।

दिनांक 15 मई शुक्रवार को वार्ड नं. 14, 15, व 24 के लिए स्टेट स्कूल मैदान में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। आज के शिविर में कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## एनबीआईएस बोरी में बारहवीं बोर्ड का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम : स्वर सांखला 96.80 प्रति. के साथ रही प्रथम




राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में सीबीएसई बोर्ड बारहवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा । इस वर्ष बारहवीं की परीक्षा में शाला में गणित संकाय से 51 ए विज्ञान संकाय से 48 तथा वाणिज्य संकाय से 100 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए ए जिसमें शाला के 10 छात्र 90 प्रति. से अधिक, 24 छात्र 80 प्रति. तथा 34 छात्र 70 प्रति. से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

शाला की छात्रा स्वर सांखला ने गणित संकाय में 96ण80ः के साथ शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया ए जिसने गणित व केमिस्ट्री में 99 तथा आई.टी. में 100 अंक प्राप्त किए। इसी तरह 94.20 प्रति. वेद राठी व सिराल आजमानी अकाउंट में 99 अंक, वाणिज्य संकाय 93.60, आशी अग्रवाल अकाउंट में 98 अंक, वाणिज्य संकाय 91.20, अन्वेषा चोपड़ा, वाणिज्य संकाय 90.80 प्रति., अलिना फातिमा ख़ान वाणिज्य संकाय 90.40 प्रति., ध्रुवी चौरड़िया आईटी 99 अंक, गणित संकाय 84.80 प्रति. हिमांशी लिल्हारे विज्ञान संकाय 84.60 प्रति., कल्याणी लिल्हारिया गणित संकाय 83.60 प्रति., अथर्व कोचर विज्ञान संकाय 83.40 प्रति., विशु श्रीवास्तव विज्ञान संकाय में प्राप्त किए। आईटी विषय में शाला के के. रितु श्री ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

शाला परिवार द्वारा सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा बच्चों को आशीर्वाद देते हुए अपने वक्तव्य में कहा गया कि जीवन में परीक्षा होना आवश्यक है। परीक्षा द्वारा ही हमें अपनी क्षमता का ज्ञान होता है। सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण आवश्यक है।

इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व आफिस कर्मचारियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल का दबदबा: सीबीएसई 12वीं बोर्ड में छात्र-छात्राओं ने फिर लहराया सफलता का परचम



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा (सत्र 2025-26) में एक बार फिर अपनी प्रतिभा साबित की है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम न केवल शत-प्रतिशत रहा, बल्कि कई विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर संस्था का नाम रोशन किया है। संस्था की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने गौरव के साथ बताया कि इस वर्ष परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थी सफल रहे। इनमें से 80 प्रतिशत से अधिक प्रथम श्रेणी मे रहे। जिसमें श्रीति चन्द्राकर (वाणिज्य संकाय) ने 94 प्रतिशत, टिया पारख (विज्ञान संकाय) ने 90 प्रतिशत एवं शिवानी मिश्रा (कला संकाय) ने 88 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय को गौरवानिवत किया।

इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधकगण श्री अतुल देशलहरा एवं श्री आदित्य अग्रवाल ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'यह सफलता हमारे शिक्षकों के समर्पण, बच्चों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के अटूट भरोसे का सुखद परिणाम है। 'उन्होंने सभी होनहारों के सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने साझा किया कि साल भर आयोजित होने वाले 'मॉक टेस्ट', नियमित 'डाउट क्लियरिंग सत्र' और व्यक्तिगत काउंसलिंग ने बच्चों का आत्मविश्वास ब?ाया। यही वजह है कि विज्ञान, वाणिज्य और कला - तीनों ही संकायों में परिणाम बेहतर रहे। अभिभावकों ने भी स्कूल के अनुशासित माहौल और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए फोन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल प्रशासन ने अंत में दोहराया कि उनका लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, ताकि वे भविष्य में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकें।

## जिला भाजपा का प्रशिक्षण शिविर 26-27 मई को होगा




**200 कार्यकर्ता एवं नेता होंगे प्रशिक्षित**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आव्हान के तहत जिला स्तर पर प्रशिक्षण अभियान का आगाज 26 से 27 मई को ठाकुरटोला स्थित सचिता लॉन में होने जा रहा है। इस संबंध में तैयारी के परिपेक्ष्य में भाजपा कार्यालय मे आयोजित बैठक में संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने जिला कार्य समिति की प्रशिक्षण टोली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा देश की राजनीति के अनुरूप समय-समय पर अपने कार्यकर्ताओं को अनुशासन के साथ प्रशिक्षण अभियान के तहत विभिन्न विषयों पर न केवल प्रशिक्षिण प्रदान करती है और तो और भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति, सिद्धांत, कार्य पद्धति एवं गौरवशाली भारतीय इतिहास को अपने पुराने एवं नए कार्यकर्ताओं को स्मरण कराकर आने वाले समय के लिए देश को विकसित एवं स्वावलंबी बनाने हेतु स्वदेशी अपनाने हेतु संकल्पित करती है।

प्रशिक्षण अभियान के प्रति कार्यकर्ताओं में सजगता हो, इस हेतु आवासीय प्रशिक्षण में रात्रि प्रवास कर सभी 11 विषय प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्यकर्ताओं को ही प्रमाण पत्र का वितरण भी किया जाएगा। बैठक में संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को दायित्व बोध की जवाबदारी को निष्ठा के साथ निभाने का निवेदन किया और डिजिटल माध्यम से रजिस्ट्रेशन का कार्य शुरू कर देने तथा आवास एवं भोजन की व्यवस्था को ठीक से व्यवस्थित करने का आह्वान किया।

### बैठकों हेतु राष्ट्रीय आव्हान पर चर्चा

जगन्नाथ पाणिग्रही ने कहा कि संगठन का आधार बैठक होती है, इसलिए राष्ट्रीय आव्हान के तहत प्रत्येक माह की 1 से 7 तारीख को मंडल स्तर की बैठक अनिवार्य है। 7 से 15 तक जिले स्तर की बैठक होगी। 15 से 22 तक शक्ति केंद्र की बैठकर होगी तथा 22 से 30 तक प्रत्येक बुथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी जाएगी।

### 16 मंडलों में प्रशिक्षण का दौर पूरा हुआ

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि 16 मंडलों का प्रशिक्षण अभियान संपन्न हो चुका है, उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन आधारित है और संगठन कार्यकर्ता आधारित होता है और कार्यकर्ता की विचारधारा से लेकर व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर प्रशिक्षण अभियान चलाया जाता है। राजनांदगांव जिले के 16 मंडलों के 1817 कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिला स्तर के प्रशिक्षण के पश्चात मोर्चा प्रकोष्ठ एवं सभी प्रकार के जनप्रतिनिधियों का भी प्रशिक्षण अभियान शुरू होगा। बैठक का सफल संचालन जिला महामंत्री सौरभ कोठारी एवं आभार प्रदर्शन डिकेश साहू ने किया। प्रशिक्षण अभियान की बैठक में तेलघानी आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष भावेश बैद, रविंद्र वैष्णव, तरुण लहरवानी, मूलचंद लोधी, कैलाश शर्मा, जगजीत सिंह भाटिया, रोहित चंद्राकर, देवकुमारी साहू, जागृति यदु सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण टोली के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आज से सनसिटी में 5 ए साइड रात्रिकालीन फुटबॉल लीग का आगाज़



राजनांदगांव (दावा)। सन सिटी परिवार एवं पंजाब नेशनल बैंक के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन तीन दिवसीय 5 ए साइड रात्रिकालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 मई 2026 तक किया जा रहा है। इस रोमांचक फुटबॉल लीग में सन सिटी के बच्चों एवं खिलाड़ीयों की कुल 5 टीमें भाग लेंगी।

प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ीयों एवं बच्चों में भारी उत्साह देखा जा रहा है तथा तैयारियां पूरे जोरों पर चल रही हैं। सन सिटी परिवार के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा का इस आयोजन को लेकर सतत मार्गदर्शन, आशीर्वाद एवं प्रेरणा सभी खिलाड़ियों और आयोजकों को निरंतर प्राप्त हो रही है, जिससे आयोजन को विशेष ऊर्जा एवं उत्साह मिल रहा है। इस फुटबॉल लीग के मुख्य प्रायोजक पंजाब नेशनल बैंक हैं। जर्सी प्रायोजक क्का (सुमित) ट्रॉफी प्रायोजक-पंख रेस्टोरेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ 14 मई को रात्रि 8 बजे सन सिटी के वरिष्ठ नागरिकों के आतिथ्य में किया जाएगा। आयोजन के संयोजक यश सोनी, आरव गोयल, शुभ मानेक एवं तनय संचेती हैं, जबकि सहयोगी के रूप में कान्हा शर्मा, अमितोज सिंह एवं सम्राट माहेश्वरी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में-सुपर स्ट्राइकर्स, एज ऑक्शन ग्रुप, आर.के. ट्रेडर्स, गौरव एन एक्स, खंडेलवाल क्लासेज शामिल हैं। इन टीमों के ओनर्स राजेश सूरज सोनी, कान्हा शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, सुनील खंडेलवाल एवं अभिषेक खंडेलवाल हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में अतुल चोपड़ा, सुशील माहेश्वरी, राजेश डागा, दिलीप गोलछा, विशाल शर्मा एवं दीपक पटेल का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। उद्घाटन समारोह के संयोजन की जिम्मेदारी दीप्ति बिंदल, पिंकी माहेश्वरी, रितिका तिवारी एवं नीलम सोनी को सौंपी गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. **निविदा क्र.:** एस/02/एनजीपी/2026-2027 **कार्य का नाम:** ADEN (वर्क्स), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नागपुर की विभिन्न कॉलोनियों की सड़कों का सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 84,55,364/- **बयाना राशि:** ₹ 1,69,100/-
2. **निविदा क्र.:** एस/03/एनजीपी/2026-2027 **कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों/कॉलोनियों में जल, अपशिष्ट जल और पर्यावरण संरक्षण उपायों पर सर्वेक्षण तथा DPR तैयार करना। (ITR, TMR, G, DGG, NAB, CAF, NIR और CWA)। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 66,20,000/- **बयाना राशि:** ₹ 1,32,400/-
3. **निविदा क्र.:** एस/04/एनजीपी/2026-2027 **कार्य का नाम:** ADEN, नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत G-CAF (BG) सेक्शन में LC सड़क की सतह में सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 56,36,363/- **बयाना राशि:** ₹ 1,12,700/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दि. 29.05.2026 के 15:00 बजे तक जमा कर सकते है। मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है व प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा। विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मंडल अभियंता - दक्षिण, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
AIM/12-47
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

> खुद को बदलने में समय लगाएं, दूसरों की शिकायत करने से शांति नहीं मिलती।

## सम्पादकीय

# सख्त कानून होने के बावजुद नीट का पेपर फूटना शर्मनाक

पूरे देश की मेडिकल कालेजों में एम.बी.बी.एस. सहित के अंडर ग्रेजुएट कोर्सेस के लिए ली जाने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम एन्ट्रन्स एक्जामिनेशन (नीट) का पेपर फिर एक मरतबे फूट गया। फलस्वरूप, स्वाभाविक रूप से देश भर में हंगामा बरपा और यह परीक्षा आखिरकार रद्द हो गई। इसी के साथ 23 लाख विद्यार्थियों के भविष्य पर सवालिया निशाने लग गया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन.टी.ए.) ''नीट'' का प्रबंधक है। 2024 में भी नीट का पेपर फूट गया था और परीक्षा फिर से नए सिरे से लेनी पड़ी थी। दो साल की दरम्यानी दूसरी मरतबे पेपर फूटता है, यह चुल्लू भर पानी में डूबने जैसा है। यहां एजेंसी का दुःसाहस कहता है कि, 3 मई के दिन आयोजित नीट 2026 की परीक्षा रद्द कर दी गई है। केन्द्र सरकार ने इसे संज्ञान में लिया और परीक्षा रद्द करने की मंजूरी दे दी। इसी के साथ, सीबीआई को इसकी जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी। सर्वाधिक दुःखदायी आघातजनक यह कि, देश के होनहार प्रवीण विद्यार्थियों के भविष्य के साथ इस खतरनाक खेल को सहनशीलता की पराकाष्ठा ही कहें कि विद्यार्थियों व उनके पालकों-अभिभावकों की मानसिकता ''किंकर्तव्यविमुढ़'' जैसी हो गई है। लाखों खर्च कर अपने बच्चों को पढ़ाया, बच्चों ने अपना कैरियर बनाने अनथक परिश्रम किया और भ्रष्टाचारियों के रैकेट ने अपना खेल खेला और सरकार ने अभी भी चुप्पी छायी हुई है। इस घटना से ऐसा लगता है। कि देश में ''मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस'' का उत्पादन सुनियोजित हो रहा है और इसमें बड़े मगरमच्छ शामिल न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता।

'नीट' की पुनः परीक्षा अब कब होगी? यह भी निश्चित नहीं है। केवल इतना संकेत मिला है कि नए सिरे से परीक्षा का आयोजन शीघ्र होगा और इसे अधिकृत रूप से वेबसाइट से जानकारी दी जाएगी। लेकिन, जब तक यह आयोजन होगा तब तक 23 लाख विद्यार्थियों की सांसें अधर में रहेगी। मेडिकल कालेज में एडमिशन मिलेगा या नहीं? हमारा डाक्टर बनने का सपना पूरा होगा या नहीं? या चकनाचूर हो जाएगा? विद्यार्थियों की स्थिति ऐसी है कि 'करे कोई, भरे कोई'।


महाराष्ट्र में चंद सालों पूर्व घटित व्यापम घोटला इतना खतरनाक था कि जांच के दायरे में जो-जो आते गए, वैसे-वैसे उनकी मृत्यु होती गई। आज तक व्यापम घोटाले की जांच नहीं हुई और न ही किसी को कोई दंड मिला। ऐसा ही हश्र वर्तमान के नीट पेपर घोटाले का हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। सीबीआई की जांच में क्या खुलासा होगा? यह कोई नहीं जानता।

मीडिया सूत्रों के अनुसार नीट का पेपर बहुत पहले ही लीक हो गया था। इसका एक छोर राजस्थान के सीकर तक पहुंचा है। सीकर में अनेक विद्यार्थियों के हाथों में पहले ही ये पेपर पहुंच गया था। नीट में कुल 720 मार्क्स होते हैं और इसमें से 600 मार्क्स के प्रश्न वास्तविक परीक्षा से मिलते हैं।

सीबीआई का पिछला रिकार्ड खंगालेंगे तो वह बड़े मगरमच्छों की दलाली करता है, ऐसी जानकारी मिल सकती है। इस कारण, सीबीआई की जांच में कोई बहुत बड़ा गुल खिलेगा? या बड़ा माथा सपड़ायेगा? इसकी संभावना बहुत कम है। क्यों कि, बगैर किसी राजनैतिक संरक्षण में हाई एजुकेशन में इतना बड़ा घोटाला संभव नहीं है। सर्वाधिक शर्मनाक है कि, इस देश में पेपर लीक रोकने के कानून अस्तित्व में है। फिर भी, अपराधियों को इसका भय नहीं है। 2024 में नीट और युजीसी-नेट का पेपर फूटने के बाद मोदी सरकार ने तत्काल पब्लिक एक्जामिनेशन (प्रिवेन्शन आफ अनफेयर मीन्स) एक्ट 2024 से इस पर अमल शुरू हो गया था। 2024 में ही संसद में यह कानून पारित हो गया था। इस कानून का उद्देश्य देश भर में आयोजित होनें वाली स्पर्धात्मक और सामान्य प्रवेश परीक्षाओं में होनें वाले धोखाधड़ी को रोकना था।

इस कानून के अधीन सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए होनें वाली धोखाधड़ी के बदले कम से कम 3 से 5 साल की सजा और 10 लाख रूपए के जुर्माने का प्रावधान है। भ्रष्ट रैकेट या गैंग बनाकर आरगेनाइज्ड क्राइम मानकर रैकेट में शामिल लोगों को 5 से 10 साल की जेल और एक करोड़ के जुर्माने का प्रावधान है। इस कानून में सम्पत्ति जब्त करने का भी प्रावधान है। परीक्षा का खर्च भी आरगेनाइज्ड संस्था से वसूलने का प्रावधान है। इन कानून के प्रावधानों के बावजुद पेपर लीक होने का मतलब क्या है? पेपर लीक करने वालों ने क्या सरकार को सीधे चुनौती दी है क्या? अब जांच बाबत गेंद सरकार के 'डी' में हैं। देखना है लाखों विद्यार्थियों के साथ न्याय होता है नहीं?

# ऊर्जा संकट में सरकार बनी ढाल



- होर्मुज मार्ग बंद होने से दुनिया झुलस रही है ऊर्जा संकट की आग से
- मोदी सरकार ने सूझबूझ से जनता पर नहीं आने दी इस संकट की आंच, खुद उठाया बोझ
- भारत में सामान्य रूप से होते रहे सभी कार्य
- जनता को भी देना होगा धैर्य के साथ देश का साथ

वैश्विक युद्ध और होर्मुज संकट का असर आज पूरी दुनिया महसूस कर रही है। युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं हैं, उनका असर हर घर की रसोईए हर वाहन के पहिए और हर परिवार के बजट तक पहुंच चुका है। कई देशों में पेट्रोल.डीजल की कीमतें इतिहास के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईए पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगींए महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी और सरकारें अपने नागरिकों के गुस्से का सामना करने को मजबूर हो गईं।

लेकिन इसी उथल.पुथल के बीच आज युद्ध के लगभग 11 सप्ताह बीतने पर भी भारत में जीवन की सामान्य गति बनी रहीए करोड़ों परिवारों के चूल्हे जलते रहेए गाड़ियां चलती रहीं। यह अपने आप नहीं हुआ। इसके पीछे एक ऐसी नीतिए ऐसी तैयारी और ऐसी संवेदनशील सोच थी जिसने वैश्विक तूफान के सामने भारत के नागरिकों को ढाल बनकर संरक्षण दिया। जब दुनिया ऊर्जा संकट की आग में झुलस रही थी, तब मोदी सरकार एक संरक्षक की तरह अपने नागरिकों के साथ खड़ी रही। जैसे द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को बचाया थाए वैसे ही इस कठिन समय में सरकार ने बढ़ती वैश्विक कीमतों और आर्थिक दबाव का बड़ा हिस्सा स्वयं अपने ऊपर उठायाए ताकि उसका बोझ सीधे जनता की थालीए रसोई और जेब तक न पहुंचे। यही कारण है कि आज यह संकट केवल आर्थिक प्रबंधन की कहानी नहींए बल्कि संवेदनशील शासन, दूरदर्शी नेतृत्व और नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व की मिसाल बन चुका है। दुनिया भर में बढ़ती कीमतों का बोझ सीधे जनता पर डाल देना सबसे आसान रास्ता था और कई देशों ने ऐसा ही कियाए लेकिन भारत ने यह रास्ता नहीं चुना। मोदी सरकार ने स्वयं भारी आर्थिक दबाव सहा ताकि आम आदमी की रसोई और रोजमर्रा की जिंदगी पर कम से कम असर पड़ें। सरकार ने लगभग पेट्रोल पर 24 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर का भार वहन किया। 28 फरवरी के बाद से वैश्विक स्तर पर पेट्रोल.डीजल की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। यूरोप और एशिया के कई देशों में पेट्रोल 30 से लेकर 35 प्रतिशत तक महंगा हुआए जबकि भारत में कोई बदलाव नहीं किया गया। हांगकांग में आज पेट्रोल सबसे महंगा है। वहाँ एक लीटर की कीमत लगभग 295 रुपये पहुंच गई है, जो 28 फरवरी के बाद 25 प्रतिशत बड़ी है। सिंगापुर में दाम 30 प्रतिशत बढ़कर करीब 240 रुपये प्रति लीटर हो गया है। नीदरलैंड में पेट्रोल 225 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है, जो 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। युद्धग्रस्त इजराइल में पेट्रोल 30 प्रतिशत महंगा होकर 185 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं भारत में अब भी पेट्रोल की कीमत 95 रुपये प्रति लीटर है।

प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ का घाटा उठाना कोई साधारण बात नहीं है। अब तक लगभग 68,000 करोड़ का बोझ सरकार और तेल कंपनियों ने अपने ऊपर लिया है। यह आंकड़ा उस संवेदनशील सोच का प्रमाण है जिसमें मोदी सरकार ने पहले नागरिकों की चिंता की और बाद में अपने खजाने की। सोचिएए यदि यही संकट बिना तैयारी के आया होता तो क्या स्थिति होती रसोई गैस महंगी होती, परिवहन लागत बढ़ती, महंगाई हर घर तक पहुंचती और मध्यम वर्ग से लेकर गरीब तक का बजट डगमगा जाता।

लेकिन साल 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आते ही स्थितियां बदलनी शुरू हुईं। पिछले वर्षों में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर जो दूरदर्शी तैयारी की गईए वही आज देश की ढाल बनकर खड़ी है। तेल भंडार तैयार किए गए, एथनॉल ब्लेंडिंग बढ़ाई गई, वैकल्पिक ईंधन नेटवर्क विकसित हुआ और रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार शुरू हुआ। वैकल्पिक ईंधन के माध्यम से एलपीजी की मांग को 70 से 75 हजार टन प्रति दिन कम किया गया। यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि पीएनजीए मिट्टी का तेलए ईंधन तेल और बायोमास की वैकल्पिक अवसंरचना संकट से पहले से तैयार थी। जापान और दक्षिण कोरिया के बाद भारत ही ऐसा देश है जो 30.दिवसीय एलपीजी भंडार की योजना बना रहा है।

इस युद्ध से उत्पन्न संकट से पता चलता है ये हमारी आज की आवश्यकता है। आज भारत के पास 5.33 मिलियन टन का रणनीतिक तेल भंडार है और दूसरे चरण के तहत चंडीखोलए पादुर और बीकानेर में अतिरिक्त भंडारण क्षमता तैयार की जा रही है। यह केवल परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भविष्य के संकटों से देशवासियों को सुरक्षित रखने की तैयारी है। एथनॉल मिश्रण की नीति ने भी इस कठिन समय में देश को बड़ी राहत दी। 20 प्रतिशत ब्लेंडिंग के कारण भारत विदेशी मुद्रा की भारी बचत कर पा रहा है। संकट के दौरान वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था के जरिए एलपीजी की मांग में प्रतिदिन 70 से 75 हजार टन तक कमी लाई गई। ये कदम बताते हैं कि सरकार ने केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए भी सुरक्षा का रास्ता तैयार किया है।

युद्ध अब भी जारी है। आने वाले समय में कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं। लेकिन देश को यह नहीं भूलना चाहिए कि जब पूरी दुनिया दबाव में थीए तब भारत सरकार ने अपने नागरिकों को अकेला नहीं छोड़ा। उसने एक अभिभावक की तरह जिम्मेदारी निभाई। सरकारें केवल योजनाओं और घोषणाओं से बड़ी नहीं बनतींए बल्कि कठिन समय में अपने लोगों के साथ खड़े होने से बड़ी बनती हैं। इस वैश्विक संकट के दौर में भारत ने यही करके दिखाया है। यही कारण है कि आज देश का आम नागरिक सिर्फ राहत महसूस नहीं कर रहाए बल्कि उसके मन में यह भरोसा भी मजबूत हुआ है कि संकट चाहे कितना भी बड़ा क्यों न होए देश उसके साथ खड़ा है। हालांकि यह संकट अभी पूरी तरह टला नहीं है। समय की मांग यह भी है कि देश के नागरिक भी आने वाली चुनौतियों के प्रति सजगए संयमित और तैयार रहें। नागरिकों का कर्त्तव्य है कि ऊर्जा का इस्तेमाल किफायत से करें। वैशिवक संकट के बीच ढाल बनी भारत सरकार का धैर्यपूर्वक साथ दें। (हिफी)

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 429 : माता सुनयना को लगा, यह वनवास विवाह के बाद सीता की दूसरी विदाई है

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



चित्रकूट की यह धर्मसभा जारी है। तभी एक दूत ने आकर कुछ विनय प्रकट करने की अनुमति मांगी। दूत को तत्क्षण अनुमति दी गई। दूत ने मिथिला नरेश महाराज जनक और महारानी सुनयना के आगमन की सूचना दी। सभी यह जानकर हर्षित हो गए कि मिथिला से यात्रा कर महाराज जनक मंदाकिनी तट तक पहुँच गए है और पर्णकुटी क्षेत्र में आगमन की इच्छा रखते हैं।

गुरु वसिष्ठ ने एक सैन्य टुकड़ी को तत्काल महाराज जनक के पास पहुँचने और उन्हें ससम्मान लिवा लाने के निर्देश दिए। थोड़ी ही देर में महाराज जनक और महारानी सुनयना पर्णकुटी क्षेत्र में पहुंचे।

गुरु वसिष्ठ और चारों भाइयों, सीता जी और अन्य लोगों ने महाराज जनक का स्वागत किया। महाराज जनक की आंखों में स्नेह, वात्सल्य और करुणा है। उन्हें श्री राम के वनवास के समाचार से अत्यंत पीड़ा पहुंची है। महाराज दशरथ की मृत्यु के समाचार से उन्हें गहरी वेदना हुई है। उन्हें अयोध्या के घटनाक्रम का प्रारंभ में ज्ञान नहीं था। जब उन्हें महारानी कैकई के दो वरों से लेकर महाराज दशरथ का अस्वस्थ होना, श्री राम का वन प्रस्थान, साथ में सीताजी और लक्ष्मण जी का होना, भरतजी का राजपद अस्वीकार करना और अयोध्या के लोगों का श्री राम को मनाने के लिए वन जाना, आदि समाचार ज्ञात हुआ, तो उन्हें गहरा आश्चर्य हुआ। महारानी सुनयना अपनी पुत्री सीता के वन प्रस्थान की सूचना से व्यथित थीं। उनकी दृष्टि में उनके जमाता राम के साथ जो हुआ वह कठोर दंड से कम नहीं है।

न नारी के साधारण वेश में देखकर महारानी सुनयना की आँखें भर आईं। सीताजी ने माता-पिता के चरण स्पर्श किए और वे उनके हृदय से लग गईं। माता-पिता और पुत्री का यह मिलन अत्यंत मार्मिक था। आज महारानी सुनयना को लगा कि उनकी पुत्री सीता की विवाह के बाद यह दूसरी विदाई है। यह विदाई, पहली से अधिक दुःखदाई है। गुरु वसिष्ठ ने महाराज जनक को आज रात्रि विश्राम करने के लिए कहा। उन्होंने चित्रकूट सभा को एक अतिरिक्त दिवस के लिए बढ़ाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने साथ ही महाराज जनक से कुमार राम के वनवास या अयोध्यावास के प्रश्न पर उचित निर्णय हेतु अपना मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध भी कर दिया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### जो मनुष्य नहीं, वो मनुष्यता क्या जाने ?

खबर पढ़कर,
बानी बोले - गजाधर !
आर. एस.एस. महासचिव
दत्तात्रेय होसबोले ने
पाकिस्तान के साथ रिश्तों
को लेकर बड़ा बयान दिया है।
उन्होंने अपने मन की बात को
इस तरह प्रकट किया है,
कि हमें पाकिस्तान के साथ
बातचीत का दरवाजा
हमेशा खुला रखना चाहिए।
एक दूसरे को बीजा देना,
खेलकूद, व्यापार जारी
रहना चाहिए।
गजाधर ! कहिए इस पर
आप क्या प्रतिक्रिया
व्यक्त करते हैं ?

गजाधर मुस्कराए,
बोले - बानी !
दत्तात्रेय जी मनुष्यता
की बात कहते है।
पर आतंकी पोषक,
पाकिस्तानी शासक,
मनुष्यता की बात कहाँ
समझते है ?
इसलिए हमारी सरकार
का यह कहना सही है,
कि आपरेशन सिन्दूर
अभी खत्म हुआ नहीं है।'

बुधवार 13
अप्रैल 2026



गिरीश बख्शी

## सू- दोकू क्र.037

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र.036 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## रिसता परगे सिट्ठा



**मदन मंडावी**




छत्तीसगढ़ हा खाली नाँव के छत्तीसगढ़ नोहय येहर अपन भाव ल मनखे मा झलकाथे। फेर जेन किसम के आजकल मइनसे के आदत बेवहार ल देखथन ओमा पहिली के अउ अबके मा गजब अंतर आवत-जावत हे। इहाँ मया-पिरा, सुख -दुख के आमा, अमली हा कभु जोत्था-जोत्था फरय- फुलय अउ ममहावय, गुरतुर कोइली कस भाखा - बोली अंतस ल मंदरस कस जनावय।

अब जतेर के मनखे मेरन सुख सुबिधा संसाधन बाढ़त जावत हे वतरे के मया अँखरा के पतरावत हे। जइसे पेट हा बोजाथे अउ दलिदरी भगाथे , तहाँ रंग रंग के गोठियाथें। मसीन के सिलाए कपड़ा ल नाप जोंख के बनाय जाथे, जेन हर गजब दिन ले टिकथे। अब रेडिमेंट उठवा के जमाना छा गेहे जउँन ला जइसन जमथे बिसा लेथें। उठवा जिनीस जलदी पटपटाथे अउ चिराथे घलोक, काबर कि ओकर सिलना मजबूत नइ रहाय। उठवा कपड़ा के उठवा मोल, फ्राक, कुरता, पेंट, कंटोप। अब भइगे आज के मया परेम उठवा कपड़ा-लत्ता कस बनके रहिगे हे, बजार म मिल जथे। चरदिनिया... नवा - नवा मा बकबकासी लगथे।

पहिली नून, तेल, हरदी, मिरचा ल सइघो नाप तउँल के लेवँय अउ सील लोड़हा मा पिसय। अब पाकेट मा बँद मिलत हे। लिखाय रइथे ट्ठपहले स्तेमाल करें, फिर विश्वास करें। कोनो दिन नत्ता-रिसता सिमट जाहि ता गड्डी नइ ते पैकेट मा मिलही।

वातावरन, परिवेस हर नाता-रिसता ल बनाथे अउ बिगाड़थे। आज कोनो ला काकरो संसो फिकर नइ हे। अब जाइदा रोटी, कपड़ा, मकान के कोनो ल कमी नइ होवत हे, रोजी- रोटी, मंजूरी घरे तीर मा मिलत हे। कोनो ल जाँगर टोर कमाय के जरूरत नइ हे। ना कोनो ल काकरो मेरन हाथ लमाय के जरूरत पड़त हे, बस इही अहंकार मनसे ला मनसे ले धुरियावत हे। आदमी दू - चार पइसा काय नइ कमइस अपन ल भूलागे।

सगा- पहुना बर सनमान के भाव मा एक लोटा पानी, गरम चाहा एक मुठा भात अउ मीठ - मीठ गोठबात बने सनबन्ध के गाँठ जोरे के नियम रिहिस हे। आज चाहा ह स्वाहा होगे...ओकर रंग फरियाके मतउला होगे हे। सगा - सोदर मन आके दु - चार दिन रहिके एक दुसर के सुख - दुख ल जानँय । छोटे बड़े रिसता के मुताबिक आसीरबाद देवय जुग - जुग जियव, दुदे खाव दूधे अँचोव, तुहर पाँव मा काँटा झन गड़य। चुवा लेके ऊँचा उठे के रसता बतावँय। अब अहू नंदागे...। वो दिन परोसी तको पुछय तुँहर घर सगा काय रोटी लाय हे। अब तो सगा रोटी के जघा ल बजरहा खजानी मिठई हर लेलिस । वो समे गजब धुर - धुरके सगा संबंधी तक ल सोरिया लेवयँ। अब तो रिसता टूटे के कगार बनथे। वो बेखत गजब दिन के आय -जाय सगा हर बिताय दिन के सुरता करत हँसय ता दुख के सुरता म रोवय घलोक जेकर ले रिसता खासम खास बन जावय। अब तो तुरते आवत - जावत हें।

आज छोटे - छोटे बात ल धरके रिसा के नाता टोरे बर देर नइ करय। कुछ दिन तो माइलोगिन मन बीता भरके चेंदरी बर तको झगरा कर लेवय अउ नहीं ता मुँहु ल ओथार के घर ले निकलय।

बीच मा टीवी हा गाँव, पारा, मोहल्ला के रिसता ल खतम करिस ओकर ले चार गुना मोबाईल हर दंदोरत हे। अब काल बदल गेहे ट्ठ पहिली वर्तमान, भूत, भविष्यकाल होवय अब ट्ठ कॉल, मिस कॉल, वीडियो कॉल के जमाना हे। ये सब्बो काल ल लील के मोबाईल हर महाकाल बनके जिनगी ल जंजाल बना देहे। बेरा कुबेरा नइ लगे दुख के आँसू ल नाख के भार बोहावत हे। साँच, लबारी के दरसन नइ हे। मोबाईल के आय ले जोहार भेंट कही देबे केहे के जमाना खतम। टुरी - टूरा ल बिना नेंग, लगिन -भाँवर के पल्ला भगा देथे। अब तो सियान के नियाव के घलोक कदर नइ हे।

बात केवल सगा सोदर के नइ हे इहाँ सग्गे नत्ता-रिसता के तेवर बदल गेहे। अपन हा बैरी परोसी मितान होवत हे। त कभु घर के मेन कार्यक्रम ल ओकर कका, ददा , बबा, भाई - भौजी, फूफा - फूफी, दीदी - भाटो तक नइ जानय ओकर नइ रेहे ले तको नेंग - दस्तूर के काम बुता ल दुसर मन निपटा देथें। बाँटें भाई परोसी के कहावत ल सिद्ध करत हें। अपन - अपन ल पुछव दुसर के काय जरूरत हे। अब तो नेवता अइसे देथयँ आयल भाही ता आय नइ ते मजा उड़ाय, ओकर बिना काम थोरीक अटक जाहि। अब नत्ता रोवय के गावय..! ना समधी के भेंट ना बहु के जेठ, होगे बिन टंगिया के बेंठ। खँड़े रिसता, परे डरे रिसता। अब रिसता बोलय नही मुक्का होवत हे, टूटत रिसता ल जोरे राखे बर तुरपाई करेल परही।

प्रश्न जनमथे - जाइदा सुख सुविधा लोगन ला भरमा के दुविधा पइदा तो नइ करत हे..? सबो मइनसे अपनेच जइसन ल संगवारी बनाही ता एक दुसर मा समानता कइसे आही..? रिसता न टूटे हे न जुरे हे बस रही - रही के खियावत हे। आज कोनो ह कोनो ल नइ सरेखत हे। भई गे नत्ता के कटोरा परत हे जुछ्छा, रिसता परगे सिट्ठा।

**ढारा, डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

## राशिफल

**मेष** — मेष राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। माता-पिता आज अपने बच्चों के लिए समय निकालेंगे और उनके साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को समय से पूरा करने में आपको सफलता मिलेगी। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें, लोग आपका समर्थन करेंगे। आज आय वृद्धि के अनेक स्रोत मिलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य सामान्य रहेगा और काम में आपका मन लगेगा।

**वृष राशि** — वृष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आप किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। आज जल्दबाजी में कुछ जरूरी सामान आप घर पर भूल सकते हैं, इसलिए अपने काम के प्रति सचेत रहें। आज आपका स्वास्थ्य चुस्त दुरुस्त बना रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन** — मिथुन राशि वालों आज आपका दिन नई उमंगों भरा रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। साथ ही आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। परिवार से जुड़ी बड़ी परेशानी खत्म होने के योग हैं। रुके हुए कार्यों को नए सिरे से फिर कोशिश करें, आप अवश्य ही सफल होंगे। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी।

**कर्क** — कर्क राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज अनावश्यक सोचने से बचें, नहीं तो आपकी उलझनें बढ़ सकती हैं। आज घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार अवश्य करें। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं। परिवार से दूर रहकर जॉब कर रहे लोगों को घरवालों से मुलाकात करने का मौका मिलेगा।

**सिंह** — सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को पार्टी करेंगे। आज कार्य स्थल पर आप उत्साह के साथ काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे। लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज परिवार में सुख समृद्धि का माहौल रहेगा। किसी नए भवन के निर्माण के लिए आज आप अपने भाइयों से विचार विमर्श करेंगे। जीवनसाथी आज आपके कार्यों में सहयोग करेंगे।

**कन्या** — कन्या राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से जरूरी काम निपटा लेंगे। आज आपके पास बहुत सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। किसी कविता या कहानी के लिए आपको सम्मानित किया जा सकता है। बच्चे आज किसी खिलौने की डिमांड कर सकते हैं। आज आप पूरे परिवार के साथ अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे।

**तुला** — तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढ़ेगा। आज आप माता पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आप किसी व्यक्ति को जरूरी काम करने के लिए साहस देंगे, ऐसा करके आपको अच्छा फील होगा। आज किसी पुरानी बात को सोचकर मुस्कुराते नजर आएंगे। आज आप लवमेट के साथ घूमने जाएंगे। साथ में डिनर करने का प्लान भी बनाएंगे।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। लोग आज आपके स्वभाव की तारीफ करेंगे। संतान पक्ष से आपको बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। आज आप नई प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे।

**धनु** — धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ घूमने जाएंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी। आप एक दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी विशेष टॉपिक को समझने के लिए अपने सीनियर्स की मदद लेंगे। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा भी काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो।

**मकर** — मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की खास जरूरत है। आज आप शाम का समय अपने दादी-दादा के साथ बिताएंगे, आपकी बचपन की यादें ताजा होंगी। आज घर की जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे।

**कुंभ** — कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपकी शाम खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज अच्छे काम के कारण लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे, आपको खुशी होगी।

**मीन** — मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में एक नया मोड़ आने वाला है। यह आपके लिए बढ़िया साबित होगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी।

# सुशासन तिहार के दौरान शिविर में पहुंचे अधिकारियों को वार्डवासियों ने बनाया बंधक



○ पट्टा दिलाने की मांग को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था का विरोध कर रहे थे
○ जानकारी मिलते ही दल-बल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस
○ मामला - शहर के वार्ड नंबर 5 इंदिरा नगर का

डोंगरगढ़(दावा)। शहर के वार्ड नंबर 05, इंदिरा नगर स्थित डॉ आंबेडकर भवन में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान वार्ड वासियों ने जमीन का पट्टा दिलाने के नाम से शिविर में पहुंचे अधिकारियों को बंधक बनाने का मामला प्रकाश में आया है।

वार्ड वासी विगत अनेक वर्षों से पट्टा देने की मांग कर रहे है। शिविर में आश्वासन नहीं मिलने पर स्थानीय निवासियों ने कार्यक्रम का विरोध शुरू कर दिया। आक्रोशित वार्डवासियों ने भवन में ताला जड़कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से पट्टा नहीं मिलने के कारण वे प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। कई बार आवेदन और मांग के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में भारी नाराजगी है। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ घंटे तक आम्बेडकर भवन में ताला लगा रहा। जिससे कार्यक्रम पूरी तरह प्रभावित हो गया। स्थिति बिगड़ते देख मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। इसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए बल प्रयोग के बीच ताला खुलवाया। घटना के दौरान माहौल काफी तनावपूर्ण बना रहा।

### प्रदर्शनकारियों को पुलिस अपने साथ थाना ले गई

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस लगभग सौ से अधिक लोगों को अपने साथ पुलिस थाना डोंगरगढ़ लेकर गई। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में प्रशासनिक कार्रवाई और पुलिस की भूमिका को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। वार्ड वासियों का कहना है कि यदि समय रहते पट्टा संबंधी मांगों पर कार्रवाई की जाती, तो सुशासन तिहार के दौरान ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती। वहीं प्रशासन की ओर से मामले को लेकर अब तक किसी भी प्रकार का आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# छुईखदान में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई संत शिरोमणि सेन जी महाराज जयंती



छुईखदान (दावा)। जिला सेन समाज द्वारा छुईखदान स्थित शिशु मंदिर परिसर मे संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती समारोह श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया कार्यक्रम के अंतर्गत सेन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें समाज के बच्चे माताए एवं पुरुष बड़ी संख्या मे शामिल हुए पूरे नगर मे भक्तिमय वातावरण देखने को मिला शोभायात्रा का शुभारंभ शिशु मंदिर परिसर से किया गया जो बिजली ऑफिस चौक जमुना चौक जय स्तंभ चौक राजमहल चौक जैन मोहल्ला ब्राह्मण पारा एवं महोबिया पारा होते हुए पुनः शिशु मंदिर पहुंची शोभायात्रा के दौरान समाज के लोगो ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज के जयकारे लगाए तथा नगरवासियो ने विभिन्न स्थानो पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया

समारोह मे सेन समाज की प्रदेश अध्यक्ष मोना सेन मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रही उन्होने अपने संबोधन मे कहा कि संत शिरोमणि सेन जी महाराज ने समाज को सेवा समर्पण और मानवता का संदेश दिया था उनके आदर्श आज भी समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे है उन्होने समाज के युवाओ से शिक्षा एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम मे विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल हुई उन्होने संत सेन जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार समाज मे सद्भाव समानता और सेवा भावना को बढ़ावा देते है उन्होने समाज के विकास एवं क्षेत्र की उन्नति के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज किशोर दास ने अपने उद्बोधन मे संत शिरोमणि सेन जी महाराज के आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि समाज की एकता शिक्षा और सामाजिक जागरूकता ही विकास का आधार है उन्होने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संगठित करने के साथ-साथ युवाओ को अपने महापुरुषो के विचारो से जोड़ने का कार्य करते है इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकुमार पटेल वरिष्ठ कांग्रेसी मोतीलाल जंघेल एवं वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र तिवारी जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे अतिथियो का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर किया गया

कार्यक्रम मे समाज के वरिष्ठजनो ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया समाज के वक्ताओ ने समाज की एकता शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता पर विशेष जोर दिया सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमो मे समाज के लोगो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समारोह के अंत मे समाज के पदाधिकारियो ने उपस्थित अतिथियो एवं समाजजनो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने एवं नई पीढ़ी को अपने महापुरुषो के आदर्शो से जोड़ने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

## पहला कॉलम...

### मयंक ब्लाक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बने



डोंगरगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश संगठन महामंत्री मलकीत सिंह यदु, जिलाध्यक्ष विपिन यादव के अनुशंसा पर रेंगाकठेरा निवासी मयंक यदु को ब्लाक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव का महामंत्री नियुक्त किया गया है। श्री यदु के नियुक्ति पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव अध्यक्ष टिकेश साहू, रोशन यदु, सुयश नाहटा, सतीश वैष्णव, किशोर बनाफ़र, कमल वैष्णव,दीपक देवांगन, लीलेश पटेल एवं बीसीसी के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### पीएस गिरगांव में 5वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला गिरगाँव में विगत दिनों शासन द्वारा आयोजित की गई केंद्रीयकृत परीक्षा में कक्षा पाँचवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया. जिसमे 92 प्रतिशतअंकों के साथ यमन कुमार सिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 90 प्रतिशत अंकों के साथ हरि सिन्हा और धारणी साहू संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे एवं 89 प्रतिशत अंकों के साथ विभा उईके तीसरे स्थान पर रही। कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा पाँचवीं के कक्षा शिक्षक शशांक साहू एवं संस्था के शिक्षक शम्सुद्दीन अंसारी व कुमार साहू के द्वारा सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया और उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आगामी उच्च कक्षाओं में भी बेहतर पढ़ाई करने की बात कही गई। परीक्षा परिणाम की घोषणा ग्राम पंचायत गिरगांव के सरपंच प्रतिनिधि गिरधारी सिन्हा एवं उपसरपंच दिग्विजय साहू सहित पालकगण की उपस्थिति में की गई।

### विधानसभा अध्यक्ष ने आदिवासी युवक को आर्थिक मदद का दिया आश्वासन

**गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवक के परिजन पहुंचे स्पीकर हाउस**



डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। समीपस्थ आयुर्वेद ग्राम बेलगांव के आदिवासी युवक प्रवीण कंवर के परिजनों एवं ग्राम प्रमुखों ने पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से रायपुर में मुलाकात कर गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवक के लिए आर्थिक सहायता दिलाने का निवेदन किया है।

आर्थिक सहायता हेतु ग्राम प्रमुखों के साथ परिजनों ने डॉ रमन सिंह के समक्ष अपनी बात रखी। डॉक्टर सिंह ने परिजनों से कहा है कि, किसी भी परिस्थिति में युवक को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाएगा। परिजनों ने डॉक्टर रमन को बताया कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवक की आर्थिक स्थिति इतनी नहीं है कि वह अपना इलाज करवा सके। इस अवसर पर फूलचंद कंवर धर्मचंद वर्मा मुरली गेडाम एवं युवक के परिजन उपस्थित थे।

### अग्रवाल टांसपोर्ट जी.ई. रोड में सद्गुरू कबीर चौक में कबीर चौक प्रवेश द्वार निर्माण




राजनांदगांव (दावा)। अग्रवाल टांसपोर्ट जी.ई. रोड में सद्गुरू कबीर चौक में कबीर चौक प्रवेश द्वार निर्माण हेतु माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को कबीर मठ नादिया के कार्यक्रम आयोजन में जिला कबीर पंथ समाज द्वारा कबीर चौक राजनांदगांव में भव्य प्रवेश द्वार निर्माण हेतु मांग जिला कबीर पंथ समाज राजनांदगाँव द्वारा रखी गई थी, जिसकी घोषणा माननीय मुख्यमंत्री जी ने उक्त कार्यक्रम में शीघ्र ही मंच के माध्यम से किया गया था। उसकी स्वीकृति पत्र दिनांक 12 मई 2026 डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय में उनकी उपस्थिति, महापौर मधुसूदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के माध्यम से जिला कबीर पंथ समाज को प्रवेश द्वार निर्माण हेतु 40 लाख रू. (चालीस लाख रूपये मात्र) स्वीकृति पत्र जिला कबीर पंथ समाज को प्रदान किया गया तथा उपरोक्त स्वीकृति से जिला कबीर पंथ समाज एवं समस्त कबीर पंथ परिवार के द्वारा मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, महापौर एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते है। उपरोक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष हरीश साहू एवं उपाध्यक्ष भगवानी साहू के द्वारा दी गई।

# अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन करने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

**थैले में रखे 100 पौवा देशी शोले शराब व मोटर सायकल की जब्त**



राजनांदगांव (दावा)। चिचोला पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफतार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 100 पौवा देशी शोले शराब व घटना में प्रयू मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो को जप्त किया है और उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

चिचोला चौकी प्रभारी योगेश पटेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने पर दो व्यक्ति पर कार्रवाई की गई। मुखबीर द्वारा बताया गया था दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु लालबहादुर नगर से भरकाटोला की ओर मोटर सायकल से जा रहे है। इस सूचना पर ग्राम भरकाटोला के पास नाकाबंदी कर मोटर सायकल सीजी-08/एन 2144 को रोक कर पूछताछ करने चालक ने अपना नाम गजेन्द्र वर्मा पिता चैतराम वर्मा उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम तेलीटोला व पीछे बैठा व्यक्ति समीर मानिकपुरी पिता शिवेन्द्र मानिकपुरी उम्र 19 साल निवासी ग्राम रेंगाकठेरा का होना बताया। उसके पास रखे एक नीले रंग के तारा पान मसाला के थैले में 100 पौवा देशी शोले शराब कुल मात्रा 18.000 ब्लक लीटर पाया गया शराब के संबंध में वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर शराब व घटना में प्रयुक्त वाहन को विधिवत् जप्त किया गया। आरोपीगण का कृत्य धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

# आधी रात छत के रास्ते घर में घुसे चोर, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात



डोंगरगढ़(दावा)। शहर के मध्य भाग में स्थित बुधवारी पारा इलाके में आधी रात को चोरों की गतिविधियों का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में वायरल होते ही लोगों की नींद उड़ गई। है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 15 के डॉ सचदेव गली के निवासी दिनेश कुमार साहू के घर में देर रात दो अज्ञात चोर छत के रास्ते घुस आए पूरी घटना इलाके में लगे अलग-अलग सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई।

इस मामले में अब तक आठ सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। जिनमें दोनों संदिग्ध बदमाश बेखौफ अंदाज में गली और मकान के आसपास घूमते तथा छत के रास्ते घर में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। इस इलाके में देर रात तक लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद चोरों का बिना किसी डर के घंटों इलाके में घूमना और मकान में घुस जाना शहर की सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती माना जा रहा है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा - नायक

डोंगरगढ़ एसडीओपी केसरीनंदन नायक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कार्यक्रम




ठेलकाडीह (दावा)। गत 12 मई 2026 को संत गुरू घासीदास बाबा शासकीय नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से महाविद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं समन्वयक तेजस्वी वर्मा के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान, तकनीक एवं नवाचार के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा आधुनिक तकनीकों के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं प्राध्यापकों के स्वागत के साथ किया गया। डॉ. एल.सी. सिन्हा सहायक प्राध्यापक हिन्दी के द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व विज्ञान एवं तकनीकी विकास में भारत की उपलब्धियों तथा युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं डॉ. बी.बर्मन, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र के द्वारा विद्यार्थियों को तकनीक के सकारात्मक उपयोग एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता में विनय कुमार मसियारे, सहायक प्राध्यापक गणित द्वारा क्विज प्रतियोगिता में विज्ञान तकनीक, डिजिटल भारत एवं आधुनिक नवाचार से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं तकनीकी समझ सराहनीय रही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 80 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यार्थियों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लेकर कार्यक्रम को सफ्ल बनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने तथा नवाचार को अपनाने का संदेश दिया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ।

# आज रूदगांव में तथा परना में 26 से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ



कलश यात्रा के साथ होगा भव्य शुभारंभ प्रज्ञा पुराण, दीप यज्ञ के अलावा होगा निःशुल्क संस्कार

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम रूदगांव में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, शनिदेव जयंती दिव्य अभिषेक एवं मानस गोष्ठी का आयोजन आज 14 मई से आयोजित है। महायज्ञ का शुभारंभ गुरूवार को सायं 4 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन जय शनिदेव हनुमंत सेवा संस्थान एवं रसराज मानस परिवार रूदगांव के तत्वावधान् में उक्त तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के प्रमुख डॉ. हरेश सोनकर ने बताया कि 14 मई गुरूवार को सायं 4 बजे ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। दूसरे दिन 15 मई शुक्रवार को सुबह साढ़े 8 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, दोपहर साढ़े 4 बजे से संगीतमय प्रवचन तथा समापन दिवस 16 मई शनिवार को सुबह साढ़े 8 बजे से शनिदेव जयंती अवसर पर दिव्य अभिषेक तथा महायज्ञ कार्यक्रम तथा उसके बाद 10 बजे से मानस गोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया है। समस्त कार्यक्रम जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। इसी प्रकार ग्राम ग्राम परना (खुर्सीपार) में आगामी 26 मई से तीन दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा प्रज्ञा पुराण कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 26 को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा तथा दूसरे दिन दीपयज्ञ के अलावा यज्ञ के दौरान निःशुल्क संस्कार भी कराये जायेंगे। आयोजन समिति के ऐनूराम बेलसरिया तथा दुखुराम यादव द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 26 मई, मंगलवार को सायं 4 बजे ग्राम मे भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। दूसरे दिन 27 मई बुधवार को सुबह 8 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायत्र, दोपहर 3 बजे से गायत्री प्रज्ञा पुराण कथा तथा सायं 6 बजे से दीपयज्ञ का आयोजन होगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन 28 मई, गुरूवार को सुबह 8 बजे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार तथा महापूर्णाहूति होगी। अंतिम कार्यक्रम के समय ही टोली की बिदाई की जायेगी।

उन्होनें बताया कि संपूर्ण कार्यक्रम गायत्री आश्रम चांदो से सम्बद्ध सुरेश यादव दीन के मार्गदर्शन एवं संयोजकत्व में होगा।

# राज्य स्तरीय सीडबॉल प्रशिक्षण सह कार्यशाला में थगेश्वर एवं रेशमी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सहभागिता प्रदान की




राजनांदगांव (दावा)। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ के तहत राज्य स्तरीय सीड बाल निर्माण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन भवन चरमूडिया (कुरूद) में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार साहू ''बर्डमैन'' दो कदम प्रकृति की ओर रायपुर एवं अध्यक्षता अभिषेक शुक्ला प्रकृति शिक्षक विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ ने किया।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समीक्षा गायकवाड राज्य सीड बाल प्रशिक्षण कार्यशाला छत्तीसगढ़ डी.बी.रावटे, डी.एम.सी. नारायणपुर, मोतीलाल देवांगन समन्वयक प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन कुरुद, संध्या कुशल राज्य प्रशिक्षण प्रभारी नेस्ट छत्तीसगढ़ डॉ. स्वाति गंधर्व पर्यावरण विद छत्तीसगढ़ एवं डॉ.आशीष नायक विज्ञान संचारक छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना व राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय कुमार साहू ने दो कदम प्रकृति की ओर का नारा देते हुए पक्षियों के लिए दाना, पानी और घोसले का निर्माण कर प्रकृति संवर्धन एवं पक्षियों की मदद कर मानवता का परिचय देने की बात कही। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि प्रकृति को हरा भरा करने के उद्देश्य से पांच लाख सीड बॉल बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार जिला राजनांदगांव ने सीड बाल पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि सीड बाल निर्माण के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण बचा रहे हैं, बल्कि जैव विविधता को भी संरक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। और प्रकृति संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी के साथ साथ, आने वाली पीढियां के लिए एक जिम्मेदारी भी है। व्याख्याता रेशमी साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा जिला बालोद ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्रकृति संरक्षण हेतु व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए वृक्षारोपण एवं बीज संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। सीड निर्माण कम लागत में अधिक प्रभावी परिणाम देने वाली अभिनव पद्धति है। डॉ आशीष नायक एवं डी. बी.रावटे (डी. एम. सी. नारायणपुर) ने कहा कि हम सभी प्रकृति के साथ जुड़कर कार्य करें। डॉ स्वाति गंधर्व ने कविता के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का आह्वान किया. वही संदीप सेन, अर्चना शर्मा,भुवनेश्वर मरकाम, नीलिमा गौतम एवं प्रमोद कुमार साहू ने वायुदाब, विद्युत अपघटन, उत्तल लेंस जैसे वैज्ञानिक प्रयोगो के माध्यम से वैज्ञानिक सोच विकसित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन लखन लाल साहू एवं आभार व्यक्त भुवनेश्वर मरकाम ने किया।

इस समारोह में सभी अतिथियों के द्वारा थंगेश्वर कुमार साहू एवं श्रीमती रेशमी साहू जी का विज्ञान संचारकों को प्रशस्ति पत्र, सीड बॉल एवं बर्ड घोंसला भेंटकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और प्रतिभागियों ने सीड बाल निर्माण कर अपने घरों, विद्यालयों, खाली, स्थानो, नदी, तालाबो के किनारे एवं आसपास के क्षेत्र में वितरण कर धरती को हरा भरा बनाने की संकल्प ली।

### भीषण गर्मी मे चलती गाड़ी में लगी आग, समय पर नहीं पहुंचा दमकल, धूं-धूंकर जला मालवाहक

राजनांदगांव (दावा)। मई माह में गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। इस भीषण गर्मी के चलते शहर के जल संसाधन विभाग के सामने दोपहर 12 बजे के करीब एक चलते वाहन में आग लग गई और धूं-धूंकर जलने लगी। लोगों को जानकारी होते ही पानी लेकर आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। इसी बीच चलती गाड़ी में आग लगने की सूचना दमकल विभाग वालों को दी गई पर दुर्भाग्य की उक्त गाड़ी में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए दमकल विभाग समय पर नहीं पहुंच पाई। लिहाजा देर तक उक्त वाहन उंची लपटें लिए हुए धूं-धूंकर जलती रही।

इस बीच आसपास के लोगों ने गुंडी बाल्टी से पानी लेकर उक्त जलती वाहन को बुझाने का भरसक प्रयास किया। हालांकि कि इस आगजनी की घटना से किसी प्रकार जन हानि नहीं हुई।

# पहला कॉलम...

## गुजरात टाइटंस- इंडियन प्रीमियर लीग, में कगिसो रबाडा बने प्लेयर ऑफ द मैच

नईदिल्ली। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 56वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने आईपीएल में 15वीं बार 3 विकेट चटकाने का कारनामा किया है। उनकी गेंदबाजी के कारण 169 रन का लक्ष्य लेकर उतरी स्त्राकी टीम को शुरुआती झटके लगे और बाद में वह इससे उभर नहीं पाई। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

रबाडा ने 169 रन का लक्ष्य लेकर उतरी सनराइजर्स हैदराबाद को 6 रन के कुल स्कोर पर अभिषेक शर्मा (6) के रूप में दूसरा झटका देते हुए मैच में अपने विकेटों का खाता खोला। इसके बाद भी उनकी घातक गेंदबाजी जारी रही और उन्होंने ईशान किशन (11) और स्मरण रविचंद्रन (9) को पवेलियन की राह दिखा दी। इससे सनराइजर्स हैदराबाद टीम दबाव में आ गई। उन्होंने 4 ओवर में 28 रन खर्च कर ये सफलताएं अर्जित की।

रबाडा का आईपीएल 2026 में बेहद शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इस सीजन में अब तक 12 मैच खेले हैं, जिसमें 20.04 की औसत और 9.15 की इकॉनमी से 21 विकेट लिए हैं। इस सीजन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25 रन देकर 3 विकेट लेना रहा है। वह अब पर्पल कैप की दौड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार के साथ संयुक्त रूप से पहले पायदान पर हैं। भुवनेश्वर ने भी 11 मुकाबलों में 21 विकेट झटके हैं।

रबाडा ने अपना पहला आईपीएल मैच साल 2017 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेला था। उन्होंने इस लीग में अब तक 96 मुकाबले खेले हैं, जिसमें 22.52 की शानदार औसत के साथ 140 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उनकी इकॉनमी रेट 8.69 की रही है। इस दौरान उन्होंने 6 बार 4 विकेट हॉल भी अपने नाम किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 21 रन देकर 4 विकेट लेना रहा है। वह लीग में 3 ओवर मेडन फेंक चुके हैं।

## आईपीएल 2026: साई सुदर्शन ने आईपीएल में पूरे किये 500 रन

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 56वें मैच में गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अर्धशतकीय पारी (61) खेली। यह उनका मौजूदा सीजन में लगातार तीसरा अर्धशतक रहा। अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दौरान उन्होंने आईपीएल 2026 में 500 रन भी पूरे किए। वह इस सीजन में 500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने। आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

शुभमन गिल (5) और जोस बटलर (7) के जल्दी आउट होने के बाद सुदर्शन ने संभलकर बल्लेबाजी की। अपनी शुरुआती 15 गेंदों में 13 रन बनाने वाले सुदर्शन ने क्रीज पर टिकने के बाद रन गति में इजाफा किया। सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने वाशिंगटन सुंदर के साथ 60 रन की साझेदारी निभाई। वह 44 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की बदौलत 61 रन बनाकर आउट हुए।

सुदर्शन ने आईपीएल 2026 में 12 पारियों में 41.75 की औसत और 155.10 की स्ट्राइक रेट के साथ 501 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 5 अर्धशतक लगाए। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजों में उनके बाद गिल ने 467 रन बनाए हैं।

सुदर्शन ने पहला आईपीएल मुकाबला 2022 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 52 मैच खेले हैं और इसकी 52 पारियों में लगभग 48 की औसत से 2,250 से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 17 अर्धशतक के अलावा 3 शतक भी निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 108* रन रहा है। आईपीएल 2025 में उन्होंने 15 पारियों में 54.21 की औसत से 759 रन बनाए थे।

सुदर्शन लगातार 3 सीजन में 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शुमार हुए। उनसे पहले डेविड वार्नर, केएल राहुल, क्रिस गेल, शिखर धवन और विराट कोहली ऐसा कर चुके हैं।

## कच्चे तेल में गिरावट से भारतीय शेयर बाजार सपाट

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में सपाट खुला। सुबह 9:21 पर सेंसेक्स 6 अंक की गिरावट के साथ 74,553 और निफ्टी 10 अंक की मामूली तेजी के साथ 23,390 पर था। शुरुआती कारोबार में बाजार में मिलाजुला कारोबार हो रहा था। मेटल और डिफेंस शेयरों में तेजी थी। निफ्टी मेटल और निफ्टी इंडिया डिफेंस शीर्ष गेनर्स थे। निफ्टी एफएफसीजी, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी फार्मा, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी पीएसई, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी एनर्जी गेनर्स थे। वहीं, निफ्टी आईटी, निफ्टी सर्विसेज और निफ्टी पीएसयू बैंक लूजर्स थे।

सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, बीईएल, कोटक महिंद्रा,एलएंडटी, आईटीसी, सन फार्मा, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, टीसीएस, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे। पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, इटरनल, एनटीपीसी, इन्फोसिस, एसबीआई, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एमएंडएम टॉप लूजर्स थे।

# पीवी सिंधु और श्रीकांत ने किया जीत से आगाज, दूसरे राउंड के लिए पक्की की जगह

नई दिल्ली। बैंकॉक में चल रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत का शानदार आगाज देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने 13 मई को सीधे सेटों में जीत हासिल करने के साथ राउंड ऑफ-16 में अपनी जगह को पक्का कर लिया है। इसके अलावा टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल तक का सफर करने वाले भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी को जापान की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से तीन सेटों तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा जबकि तरूण मन्नेपल्ली को भी जापान के खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा।



पीवी सिंधु ने चीनी ताइपै खिलाड़ी को दी मात, किदांबी ने सिंगापुर के प्लेयर को हराया

भारतीय स्टार महिला खिलाड़ी पीवी सिंधु को लेकर बात की जाए तो उनका सामना चीनी ताइपै की खिलाड़ी तुंग सियू तोंग से था, जिसमें 33 मिनट तक चले 2 सेट तक इस मुकाबले में पूरी तरह से दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का दबदबा देखने को मिला। इसमें पीवी सिंधु ने पहले सेट को जहां 21-9 के अंतर से अपने नाम किया तो वहीं दूसरे सेट को वह 21-12 के अंतर से जीतने में कामयाब रही। अब पीवी सिंधु का राउंड ऑफ-16 में डेनमार्क की अमेली शूल्ज से होग, जिसमें ये मुकाबला 14 मई को भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 पर होगा।

दुनिया के पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को लेकर को बात की जाए तो उनका सामना राउंड ऑफ-32 में सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू से था। ये मुकाबला किदांबी श्रीकांत 30 मिनट के अंदर ही खत्म करने के साथ अगले दौर के अपनी जगह पक्की करने में कामयाब रहे। इस मैच के पहले सेट को किदांबी श्रीकांत ने 21-14 के अंतर से अपने नाम किया जबकि दूसरे से को वह 21-15 के अंतर से अपने नाम करने में कामयाब रहे। अब राउंड ऑफ-16 में किदांबी श्रीकांत का सामना चीनी ताइपै के सू लि यांग 14 मई को होगा।

## भारत बनाम अफगानिस्तान सीरीज में जसप्रीत बुमराह को लेकर सस्पेंस जारी

नई दिल्ली। भारत बनाम अफगानिस्तान सीरीज में अब काफी कम दिन का वक्त बचा है। टीम इंडिया जल्द ही फिर से इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए मैदान में उतरने जा रही है। वैसे तो अफगानिस्तान की टीम भारत आकर टेस्ट के बाद वनडे सीरीज भी खेलेगी, लेकिन सेलेक्टर्स पहले टेस्ट के लिए टीम का ऐलान करेंगे, ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। इस बीच जसप्रीत बुमराह को लेकर सस्पेंस बरकरार है। साथ ही मोहम्मद सिराज के खेलना भी अभी पक्का नहीं है। उन्हें आराम दिया जाएगा या? फिर खेलेंगे, ये कहना अभी काफी मुश्किल है।



अफगानिस्तान की टीम भारत आकर एक टेस्ट मैच खेलेगी, इसके बाद तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। टेस्ट मैच 6 जून से शुरू होगा, जो चंडीगढ़ में खेला जाना है। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह तक इस एक टेस्ट के लिए टीम की घोषणा कर दी जाएगी। हालांकि ये टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होगा, लेकिन सेलेक्टर्स इस टेस्ट को भी हल्के में लेने के मूड में नहीं हैं। इस बीच सवाल ये कि इस मैच में कौन कौन से तेज गेंदबाज भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। इस बीच टीओआई की एक रिपोर्ट सामने आई है, इसमें कहा जा रहा है कि सेलेक्टर्स इस मैच में भी एक मजबूत टीम उतारना चाहते हैं। ताकि आगे जब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मैच खेले जाएं तो उसकी तैयारी की जा सके, साथ ही सही कॉम्बिनेशन भी तलाश कर लिया जाए।

## आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप, भारत-ऑस्ट्रेलिया सहित इन टीमों का हो चुका ऐलान

नई दिल्ली। आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप 2026 का आगाज होने में अब एक महीने से भी कम का समय बचा है, जिसमें कुल 12 देशों की टीम हिस्सा लेंगी। इंग्लैंड और वेल्स की मेजबानी में खेले जाने वाले इस मेगा टूर्नामेंट में सभी 12 टीमों को 6-6 के दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। इसमें डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड को ग्रुप-बी में जगह मिली है तो वहीं भारतीय टीम को लेकर बात की जाए तो वह ग्रुप-ए का हिस्सा है। इसके अलावा महिला टी20 वर्ल्ड कप के खिताब को अब तक सबसे ज्यादा बार अपने नाम करने वाली ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ग्रुप-ए में है। इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप इंग्लैंड और वेल्स के कुल 7 मैदानों पर खेला जाएगा, जिसमें फाइनल मुकाबला 7 जुलाई को ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जाएगा।




महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत सहित ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नीदरलैंड्स, साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान की टीम शामिल है। इसमें अभी तक पाकिस्तान को छोड़कर अन्य सभी ने अपने स्क्वाड की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम को लेकर बात की जाए तो कप्तानी की जिम्मेदारी हरमनप्रीत कौर संभालेंगी, जिसमें टीम इंडिया अपने अभियान का आगाज 14 जून को पाकिस्तान महिला टीम के खिलाफ होने वाले मुकाबले के साथ करेगी। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को लेकर बात की जाए तो मेगा टूर्नामेंट में उनकी कप्तान सोफी मोलिनक्स संभालेंगी। वहीं बांग्लादेश टीम का नेतृत्व निगार सुल्ताना जोटी, जबकि साउथ अफ्रीका टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट और नीदरलैंड्स की कप्तानी की जिम्मेदारी बैबेट डी लीडे करेंगी।

भारत - हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया, नंदनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

## सरकारी बैंकों ने 1.98 लाख करोड़ के बंपर मुनाफे के साथ तोड़े सारे रिकॉर्ड

नई दिल्ली। देश के सरकारी बैंकों ने कमाई के मामले में एक ऐसा महा-रिकॉर्ड बना दिया है, जिसे जानकर हर कोई हैरान है। वित्त वर्ष 2025-26 में इन बैंकों ने अब तक का सबसे अधिक 1.98 लाख करोड़ रुपये का भारी-भरकम शुद्ध लाभ दर्ज किया है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों पर अगर गहराई से गौर करें, तो बीते वित्त वर्ष में सरकारी बैंकों ने हर एक सेकंड में 62 हजार रुपये से ज्यादा का ऐतिहासिक प्रॉफिट कमाया है। यह लगातार चौथा ऐसा साल है जब सरकारी बैंक इतने भारी मुनाफे में रहे हैं और देश की आर्थिक तरक्की में बड़ा योगदान दे रहे हैं।



**लोन और जमा राशि में हुआ शानदार इजाफा**

इस ऐतिहासिक मुनाफे के पीछे कई बड़े और अहम कारण रहे हैं। वित्त मंत्रालय के अनुसार, असेट्स की क्वालिटी में हुआ जबरदस्त सुधार, ऋण (लोन) के स्वस्थ विस्तार और आय में हुई वृद्धि ने सरकारी बैंकों की प्रॉफिटीबिलिटी में सबसे बड़ा योगदान दिया है। इस दौरान बैंकों का कुल परिचालन लाभ 3.21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। 31 मार्च, 2026 तक सरकारी बैंकों का कुल कारोबार 12.8 प्रतिशत की शानदार वृद्धि के साथ 283.3 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, कुल जमा राशि सालाना आधार पर 10.6 प्रतिशत बढ़कर 156.3 लाख करोड़ रुपये रही, जो साफ दर्शाता है कि आम जनता और जमाकर्ताओं का इन बैंकों पर भरोसा लगातार और मजबूत हो रहा है।

देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का सीधा फायदा भी बैंकिंग सेक्टर को मिला है। वित्त वर्ष 2025-26 में कुल ऋण वितरण में सालाना आधार पर 15.7 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई और यह आंकड़ा 127 लाख करोड़ रुपये तक जा पहुंचा। मंत्रालय का कहना है कि यह अर्थव्यवस्था के विभिन्न अहम क्षेत्रों में ऋण की निरंतर और मजबूत मांग का स्पष्ट संकेत है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने अपनी निरंतर व्यापार वृद्धि, बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता और मजबूत पूंजी की स्थिति के दम पर यह रिकॉर्ड लाभप्रदता हासिल की है।

## सोना 11000 रुपये महंगा, चांदी भी 3 लाख पार

नई दिल्ली। सोना और चांदी की कीमतों में बुधवार को बड़ा उछाल देखने को मिला। केंद्र सरकार द्वारा कीमती धातुओं पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने के फैसले के बाद मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दोनों धातुओं के भाव में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोना 11 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक महंगा हो गया, जबकि चांदी की कीमत 3 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई।



सरकार ने सोना, चांदी और अन्य कीमती धातुओं पर इंपोर्ट ड्यूटी को 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। इस फैसले का सीधा असर कमोडिटी बाजार में देखने को मिला।

एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोना मंगलवार को 1,53,442 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को कारोबार शुरू होते ही इसका भाव बढ़कर 1,64,497 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। इस तरह सोने की कीमत में करीब 11,055 रुपये यानी लगभग 7 फीसदी की तेजी दर्ज की गई।

वहीं, चांदी की कीमतों में भी जोरदार उछाल आया। चांदी मंगलवार को 2,79,062 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, लेकिन बुधवार को बाजार खुलते ही इसका भाव बढ़कर 3,01,429 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया।

## एयर इंडिया का बड़ा ऐलान, जून से तीन महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

नई दिल्ली। मध्य पूर्व संकट के कारण जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयर इंडिया ने जून की शुरुआत से तीन महीनों के लिए कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को निलंबित करने का फैसला किया है। यह जानकारी रिपोर्ट्स में दी गई। कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि दिल्ली से जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कमी की गई है उनमें शिकागो और नेवार्क, सिंगापुर और शंघाई जैसे प्रमुख गंतव्य शामिल हैं।

इसके अलावा, एयर इंडिया ने सैन फ्रांसिस्को, पेरिस और टोरंटो जैसे गंतव्यों के लिए भी उड़ानें कम कर दी हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, कुल मिलाकर एयरलाइन ने प्रतिदिन करीब 100 उड़ानों को कम कर दिया है। एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने पिछले सप्ताह कहा था कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच ईंधन की बढ़ती कीमतों के चलते एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में कटौती जारी रखेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बढ़ते वित्तीय दबाव और परिचालन संबंधी चुनौतियों का सामना करते हुए, एयर इंडिया ने अपने आंतरिक अनुपालन और लागत नियंत्रण उपायों को और कड़ा कर दिया है। एयरलाइन ने पिछले तीन वर्षों में नैतिक कदाचार और नीतिगत उल्लंघनों के लिए 1,000 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त किया है।

यह खुलासा विल्सन ने पिछले सप्ताह कर्मचारियों के साथ एक टाउन हॉल बैठक के दौरान किया। विल्सन ने कर्मचारियों को बताया कि एयरलाइन ने कई उल्लंघनों में शामिल कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिनमें एम्प्लॉई लीजर ट्रैवल (ईएलटी) सिस्टम का दुरुपयोग, विमान से सामान की तस्करी और उचित शुल्क के बिना अतिरिक्त सामान ले जाने की अनुमति देना शामिल है।

## ढाका टेस्ट: नाहिद राणा ने पाकिस्तान के खिलाफ पहली बार चटकाया 5 विकेट

नईदिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ शेर-ए बांग्ला स्टेडियम में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरा और पाकिस्तान टीम के खिलाफ पहला ही 5 विकेट हॉल रहा। उनकी गेंदबाजी की बदौलत ही बांग्लादेश की टीम मैच में 104 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज करने में सफल रही। आइए उनकी गेंदबाजी और आंकड़े जानते हैं।



राणा ने दूसरी पारी में 268 रन का लक्ष्य लेकर उतरी पाकिस्तान टीम को 68 रन के स्कोर पर शान मसूद (2) के रूप में तीसरा झटका देते हुए पारी में अपने विकेटों का खाता खोला। इसके बाद उन्होंने प्रभावी गेंदबाजी करते हुए सऊद शकील (15), मोहम्मद रिजवान (15), नोमान अली (4) और शाहीन अफरीदी (0) को भी अपना शिकार बनाया। राणा ने पारी में 9.5 ओवर में 2 मेडन के साथ 40 रन खर्च कर ये सफलताएं अर्जित की।

राणा ने पाकिस्तान के खिलाफ अब तक 3 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसकी 6 पारियों में 31.75 की औसत और 4.65 की इकॉनमी से 12 विकेट चटकाने में सफल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने एक बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इसी मैच में आया है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ कुल 6 ओवर मेडन भी फेंके हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 40.90 की रही है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**कोयले से बनेगी गैस, किसानों को मिलेंगे 2 लाख 60 हजार करोड़......**

रेलवे की डबल लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए 20,667 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। इस परियोजना से अहमदाबाद-ढोलेरा के बीच कनेक्टिविटी तेज होगी और ढोलेरा में विकसित हो रहे एयरपोर्ट के यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। परियोजना का लक्ष्य 2030-31 तक पूरा करना है।

**नागपुर एयरपोर्ट का विकास**

चौथा प्रमुख निर्णय नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अपग्रेडेशन से संबंधित है। एयरपोर्ट को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की योजना है, जिससे क्षेत्रीय हवाई यातायात को बढ़ावा मिलेगा। कुल मिलाकर इन फैसलों से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति मिलेगी। किसानों से लेकर उद्योग जगत तक सभी वर्गों को इन घोषणाओं से फायदा पहुंचने की संभावना है।

**वीडी सतीशन हो सकते हैं केरलम के नए सीएम.**

जीतकर बहुमत हासिल किया. इसके बावजूद मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला नहीं होने से पार्टी की किरकिरी हो रही है. यहां तक कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सनी जोसेफ ने भी माना कि इस देरी से जीत की चमक फीकी पड़ रही है. मुख्यमंत्री पद की दौड़ में तीन बड़े नेता सबसे आगे हैं- केसी वेणुगोपाल, वीडी सतीशन और रमेश चेन्निथला.

**यूपी में आंधी-बारिश से तबाही : प्रदेशभर में 47 लोगों की मौत.......**

आसपास के क्षेत्रों में पेड़ और दीवार गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई। कई बच्चे और अन्य लोग घायल हुए। हाईवे और मुख्य सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात प्रभावित रहा। सीतापुर, लखीमपुर और हरदोई में भी आंधी-बारिश के दौरान पांच लोगों की मौत हो गई।

मंगलवार को कई जिलों में आंधी, गरज-चमक और बारिश से तापमान सामान्य से नीचे पहुंचा दिया, लेकिन बुंदेलखंड समेत कई इलाकों में गर्मी ने फिर तेवर दिखाने शुरू कर दिए। बुधवार को बांदा प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानी अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, प्रदेश में आगामी एक सप्ताह के दौरान शुष्क मौसम के साथ तापमान में वृद्धि होगी।

**'देश में लेन ड्राइविंग का सिस्टम नहीं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट गाड़ियों ......**

निर्देश जारी करे, क्योंकि यह दायित्व केवल राज्यों पर नहीं छोड़ा जा सकता। 95 प्रतिशत वाहनों में स्पीड गवर्नर न होने का मुद्दा भी आया।

**2015 के बाद निर्मित सभी परिवहन वाहनों एसएलडी लगाना अनिवार्य**

बताया गया कि एक अक्टूबर 2015 के बाद निर्मित सभी परिवहन वाहनों में स्पीड लिमिटिंग डिवाइस (एसएलडी) लगाना अनिवार्य है। सरकारी आंकड़े हैं कि देश के 2.18 करोड़ परिवहन वाहनों में से केवल 10.70 लाख में एसएलडी लगे हैं। यह अत्यधिक गति सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है। इस पर न्यायालय ने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार सभी वाहन निर्माताओं को निर्माण व वितरण के समय ही एसएलडी लगाने के अनिवार्य एवं बाध्यकारी निर्देश दे तथा पर्याप्त दंड के प्रविधान सहित अनुपालन सुनिश्चित करे। राज्य सरकारों से वाहन या परिवहन पोर्टल के सत्यापित आंकड़ों सहित एक ताजा शपथ-पत्र दाखिल करने के निर्देश सहित कहा है कि विचार करें कि नियम 118 का उल्लंघन करने वाले वाहनों को फिटनेस प्रमाण पत्र देने से इन्कार किया जाए और पंजीकरण निलंबित किया जाए।

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड गठन के लिए तीन माह का अंतिम अवसर**

सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 215बी के अंतर्गत राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा बोर्ड का गठन अनिवार्य है। पिछले छह वर्षों से यह बोर्ड केवल कागजों पर ही है। न अध्यक्ष, न सदस्य, न कार्यालय, न वेबसाइट। 14 मई, 2025 को सुप्रीम कोर्ट से सरकार ने नौ महीने का समय मांगा था। न्यायालय ने कड़ी आपत्ति जताते हुए मात्र छह महीने का समय दिया और कहा था कि आगे और समय नहीं दिया जाएगा, परंतु वह 6 महीने का समय भी बीत गया। अक्टूबर 2025 में बोर्ड के नियम तो अधिसूचित हो गए, लेकिन अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति अभी भी अटकी है। न्यायालय ने इसे गंभीर चूक बताते हुए केंद्र सरकार को अंतिम अवसर के रूप में केवल तीन महीने का समय दिया है। अगली सुनवाई तीन सितंबर, 2026 को निर्धारित की गई है।

**प्रतीक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बड़ा खुलासा...**

शरीर पोस्टमॉर्टम के बाद उनकी पत्नी अपर्णा यादव के लखनऊ स्थित आवास पर पहुँचा दिया गया है. परिवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, उनका अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर 12.30 बजे लखनऊ के पिपरा घाट पर किया जाएगा। इस दुखद घड़ी में सपा सांसद डिंपल यादव और शिवपाल यादव ने भी परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की है।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सीएम साय ने दी बधाई, बोले- आप छत्तीसगढ़ का नाम करेंगे रोशन

रायपुर। छत्तीसगढ़ में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुभकामनाएं और बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने छात्रों की उपलब्धि को गर्व का विषय बताते हुए कहा कि आज के युवा ही देश और प्रदेश का भविष्य हैं। सीएम साय ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और परिश्रम के दम पर सफलता की नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव भी है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सीबीएसई बोर्ड में सफल हुए विद्यार्थी आने वाले समय में शिक्षा, विज्ञान, नवाचार, खेल, कला और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि आज का युवा नई सोच, नई ऊर्जा और आधुनिक दृष्टिकोण के साथ देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाला है। सीएम साय ने विद्यार्थियों से निरंतर सीखते रहने और अपने लक्ष्य की ओर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि सफलता का यह चरण भविष्य की बड़ी उपलब्धियों की शुरुआत है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल, सफल और प्रेरणादायी भविष्य की मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जीवन में मेहनत और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने वाले विद्यार्थी निश्चित रूप से अपने सपनों को साकार करेंगे। सीएम साय का यह संदेश परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच उत्साह और प्रेरणा का कारण बना हुआ है।

## सरकार ने सोने-चांदी के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया

नयी दिल्ली। सरकार ने सोने और चांदी के आयात पर शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। देश में सोने-चांदी की खरीद को हतोत्साहित करने और इस पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

सूत्रों ने बताया कि सोने और चांदी पर मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा पांच प्रतिशत कृषि उपकर भी लगाया गया है। इस प्रकार कुल शुल्क 15 प्रतिशत हो गया है। पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ चुकी है। इस कारण कच्चे तदेल और गैस के आयात सरकार को ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। सरकार दूसरे उत्पादों का आयात कम कर विदेशी मुद्रा की खपत कम करना चाह रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की थी। साथ ही उन्होंने लोगों से अनावश्यक विदेश यात्रा से बचने और जीवाश्म ईंधनों की खपत कम करने का भी आग्रह किया है।

# रिटेल पेट्रोल पंपों की सीसीटीवी फुटेज जांच कर औद्योगिक उपयोग एवं अवैध विक्रय पर कार्रवाई करें - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों, खाद्यान्न वितरण, राजस्व प्रकरणों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की विभागवार समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले के सभी रिटेल पेट्रोल पंपों से औद्योगिक उपयोग के लिए पेट्रोल एवं डीजल विक्रय नहीं करने के संबंध में सूचना जारी करने जिला खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया।

उन्होंने पेट्रोल पंपों में लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच एवं उन्हें दुरूस्त रखने कहा। सीसीटीवी फुटेज जांच के दौरान पेट्रोल एवं डीजल का औद्योगिक कार्यों एवं अवैध विक्रय पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में प्राप्त मांग एवं शिकायतों के आवेदनों की विभाग प्रमुख स्वयं मॉनिटरिंग करें तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निराकरण में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर ने जिले के सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन पत्राचार अब अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। कलेक्टर ने जमीन अधिग्रहण के मुआवजा भुगतान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को हितग्राहियों की मुआवजा राशि प्राथमिकता के साथ शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण से संबंधित रिकॉर्ड का दुरूस्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी को आगामी तीन दिवस के भीतर सभी शेष हितग्राहियों को तीन माह का राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य



**कलेक्टर ने साप्ताहिक बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की**
**सभी विभागों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करने के दिए निर्देश**
**सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**
**तीन दिवस में राशन वितरण पूर्ण करने के दिए निर्देश**

दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिलावटी एवं एक्सपायरी खाद्य सामग्री पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरूद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने पेयजल सप्लाई और बर्फ फैक्ट्रियों में लगातार जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम-आशा योजना के अंतर्गत किसानों से दलहन एवं तिलहन खरीदी की जानकारी लेते हुए कहा कि पंजीकृत किसानों से शत-प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ग्रीष्मकालीन मौसम में धान के स्थान पर अन्य फसल लेने वाले किसानों के लिए पर्याप्त बाजार उपलब्ध कराने तथा खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी आवेदनों का नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों का एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में प्राप्त राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ को नियमित मॉनिटरिंग करने कहा। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को बारिश पूर्व नालों की सफाई पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, निर्माणाधीन स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों सहित अन्य निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ बारिश से पहले पूर्ण करने कहा। उन्होंने जिले में अग्निवीर भर्ती के लिए 2700 युवाओं द्वारा पंजीयन की जानकारी लेते हुए युवाओं को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसव बढ़ाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा मरीजों को दिए जाने वाले भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लगाए जा रहे सोलर पैनलों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक नागरिकों को योजना से लाभान्वित करने तथा जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत चल रहे कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल एवं टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का सम्मेलन : जूटे सैकड़ों साहित्यकार

रायपुर (दावा)। न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाईन रायपुर में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के ''एक दिवसीय जिला सम्मेलन'' में सैकड़ों साहित्यकारों का जमावड़ा हुआ। छत्तीसगढ़ी भाषा के इतिहास और उत्थान पर भाषाविदों ने गहन विचार विमर्श किया। छत्तीसगढ़ी भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार विजय मिश्रा 'अमित', सुमन शर्मा बाजपेयी, चन्द्रहास साहू, का सम्मान राजकीय गमछा, सम्मान चिन्ह, प्रशस्ति पत्र से किया गया।



**वरिष्ठ कलमकार विजय मिश्रा 'अमित' हुए सम्मानित**

कार्यक्रम के अतिथियों में सर्वश्री विधायक सुनील सोनी, अनुज शर्मा, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, राजभाषा आयोग के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र, शामिल थे। कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत भाषण सचिव, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग डॉ. अभिलाषा बेहार, द्वारा तथा अध्यक्षीय भाषण आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, द्वारा दिया गया। सम्मेलन में राजभाषा आयोग द्वारा प्रकाशित आठ छत्तीसगढ़ी किताबों का विमोचन अतिथियों के करकमलों से हुआ।

विमोचित किताबों में डॉ.पी.सी. लाल यादव की कुँवर अछरिया-राजा बेलसरिया, डॉ. दीनदयाल साहू की किताब पीरा, राजकुमार निषाद 'राज' की धरोहर जस जवारा, जस पचरा गीत, पुनीत गुरूवंश की किताब जिनगी एक रहस्य हे, कमलेश शर्मा की बूंदा बिहतरी,मुकेश कुमार की किताब भरम आदि के दुनिया, कामता प्रसाद देशलहरा 'अकेला' की किताब भुईयां के सिंगार, शत्रुघन सिंह राजपुत की किताब आखर वंदन शामिल हैं। बृहद आयोजन के अंतर्गत ''पुरखा के सुरता'' में स्व. सुशील भोले के 'व्यक्तित्व-कृतित्व' पर प्रमुख वक्ता डॉ. पीसी लाल यादव प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ी हाना- जनउला के साथ मजेदार अंदाज में वरिष्ठ रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' ने किया। अंतिम सत्र में मीरअली मीर,शशीदुबे किशोर तिवारी, संध्या शुक्ला, चेतन भारती, काशीपुर कुंदन सहित डेड़ सौ से अधिक कवि-कवित्रियों ने छत्तीसगढ़ी भाषा एवं अन्य स्थानीय बोली में काव्य पाठ किया गया।

# प्रधानमंत्री के पेट्रोल बचाने आव्हान पर साईकिल कैंपेन का आगाज

भिलाई (दावा)। सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ.अंकुश देवांगन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईरान अमेरिका युद्ध को देखते हुए पेट्रोल बचाने की अपील का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि देश हित में आज से वे साईकिल से ही ड्यूटी जाएंगे। ज्ञात हो कि अंकुश देवांगन भिलाई इस्पात संयंत्र, मेडिकल विभाग के जन्म मृत्यु कार्यालय में पदस्थ हैं। इसके अलावा वे छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम कलाकार हैं जो संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में ललित कला अकादमी के बोर्ड मेंबर बने हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों से इत्तेफाक रखते हुए भारत के समस्त नागरिकों से अपील की है कि ऐसे कठिन समय में पेट्रोल बचत ही सच्चा देशप्रेम है। उन्होंने साईकिल कैंपेन का आगाज करते हुए लोगों को चैलेंज दिया है कि ''स्वस्थ हो तो साइकिल चलाओ, और इस दुनिया को हसीन बनाओ।'' अंकुश अपनी कला के माध्यम से सामाजिक सरोकार के कार्यों के लिए जाने जाते हैं। वे छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 36 वर्षों हिंसा छोड़ो कला से नाता जोड़ो आंदोलन चला रहे हैं।



जिसके अंतर्गत वे बच्चों को निशुल्क चित्र/मूर्तिकला सिखाते हैं और अपने खर्चे से उन्हें कलासामग्री का भी वितरण करते हैं। ताकि ये बच्चे शिक्षित और सृजनशील हो सकें और हिंसा के रास्ते में न जाएं। जिसका सदैव ही उचित प्रतिफल सामने आता रहा है और हजारों बच्चे माओवादी बनने से बचे हैं। भिलाई सिविक सेंटर में कृष्ण अर्जुन रथ, सेल परिवार चौक, रूआबांधा में पंथी चौक, सेक्टर 1 में श्रमवीर चौक, बोरिया गेट में पीएम ट्राफी चौक, भिलाई निवास में नटराज, दल्ली राजहरा में छः मंजिली इमारत जितना भव्य कृष्ण अर्जुन भीष्म पितामह लौहरथ, रायपुर पुरखौती मुक्तांगन में कलाकृतियां, मदकूद्वीप में मांडूक्य ऋषि, दुर्गापुर स्टील प्लांट में सैकड़ों मूर्तिकलाएं, सूरजकुंड हरियाणा में अनेकानेक नयनाभिराम प्रतिमाएं तथा भोपाल के राजभवन में भी अनेक कालजयी रचनाओं का निर्माण किया है। बहरहाल उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईरान अमेरिका युद्ध संकट में पेट्रोल बचाने की अपील को सकारात्मक स्वरूप में लेने का आव्हान किया है। ताकि देश तेजी से तरक्की करते हुए विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बन सके। उन्होंने कहा है कि साईकिल चलाते ही आप एक ग्लोबल पर्सनैल्टी बन जाते हैं। जो कि इस धरा में प्रदूषण दूर करने के लिए अपने हिस्से का योगदान देते हैं। वहीं इससे शारीरिक स्वास्थ्य और संपूर्ण व्यायाम भी हो जाता है। मालूम हो कि कोरोना आपदा के दौरान पूरी दुनिया में प्रदूषण यकायक कम हो गया था। जिस लक्ष्य को फिर से प्राप्त किया जा सकता है।

# नीट परीक्षा रद्द होना केन्द्र सरकार की प्रशासनिक विफलता

**22 लाख युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ - विष्णु लोधी**



डोंगरगढ़ (दावा)।छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने नीट यू जी 2026 परीक्षा रद्द होने की घटना को देश की शिक्षा व्यवस्था और केन्द्र सरकार की गंभीर विफलता बताते हुए कहा है कि यह केवल एक परीक्षा रद्द होने का मामला नहीं, बल्कि 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों और उनके परिवारों के सपनों, विश्वास और वर्षों की मेहनत पर गहरा आघात है।

देशभर के लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं। किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवार अपनी आर्थिक परेशानियों के बावजूद बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज तक लेते हैं, लेकिन जब परीक्षा से पहले प्रश्नपत्रों के लीक होने और अनियमितताओं की खबरें सामने आती हैं तथा अंततः परीक्षा रद्द करनी पड़ती है, तब यह सरकार की जवाबदेही और प्रशासनिक क्षमता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। श्री लोधी ने आगे कहा कि आखिर ऐसी स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन है? यदि परीक्षा प्रणाली सुरक्षित थी तो परीक्षा रद्द क्यों करनी पड़ी?यदि गड़बड़ी हुई थी तो जिम्मेदार लोगों पर पहले कार्रवाई क्यों नहीं हुई? देश का युवा जानना चाहता है कि उसकी मेहनत और भविष्य के साथ बार-बार खिलवाड़ क्यों हो रहा है।

## पिछले 10 वर्षों में देशभर में 89 पेपर लीक और 48 बार पुन: परीक्षाएं होना सरकार की विफलता

श्री लोधी ने केंद्र सरकार की नाकामी का उल्लेख करते हुए कहा है कि, पिछले 10 वर्षों में देशभर में 89 पेपर लीक और 48 बार पुनः परीक्षाएं होना इस बात का प्रमाण है कि केन्द्र सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने में पूरी तरह असफल रही है। हर बार बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, जांच समितियां बनती हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर वही घटनाएं सामने आती हैं और फिर सरकार की खामोशी शुरू हो जाती है।

## संलिप्त लोगों पर हो कड़ी कार्रवाई

विष्णु लोधी ने केन्द्र सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषियों को कठोर सजा दी जाए, परीक्षा माफियाओं और उनसे जुड़े संरक्षणकर्ताओं की पहचान सार्वजनिक की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मजबूत और पारदर्शी राष्ट्रीय परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए।

# फरहद में शिव अमृतवाणी एवं राजयोग मेडिटेशन शिविर का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम फरहद में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव के तत्वावधान में आयोजित ''शिव अमृतवाणी एवं राजयोग मेडिटेशन शिविर'' का शुभारंभ11मई सोमवार को श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण के मध्य परमात्मा शिव जी की आरती एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच भ्राता लोकेश्वर देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में तथा भ्राता तारा चंद साहू एवं भारत सिंह साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया तथा ऐसे




आध्यात्मिक आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी जी ने अपने पावन सानिध्य में उपस्थित ग्रामवासियों को आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग मेडिटेशन के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और आत्मिक शक्ति के लिए राजयोग मेडिटेशन अत्यंत आवश्यक है। शिव अमृतवाणी के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में सुख, शांति और आनंद का अनुभव कर सकता है। ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी भाई ने संस्था का परिचय दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, माताएं, बहनें एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने ध्यान योग का अभ्यास कर आत्मिक शांति का अनुभव किया।

प्रतिदिन आयोजित होने वाले सत्संग एवं मेडिटेशन सत्रों में आध्यात्मिक ज्ञान, सकारात्मक जीवनशैली तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रेरणादायी विचार साझा किए जाएंगे। यह शिविर आगामी 17 मई, रविवार तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक दुर्गा मंच, फरहद में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से इस आध्यात्मिक शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

# मंडी में बहुतायत में आने लगी गर्मी फसल की धान, चने की भी आवक हुई तेज

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बंसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में इन दिनों गर्मी फसल की धान की आवक बहुतायत में हो रही है। इसी तरह चना के आवक में तेजी आई है। इससे मंडी में बड़ी संख्या में किसानों, व्यापारियों के आगमन से माहौल गुलजार बना हुआ है।



मंडी प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में ग्रीष्मकालीन धान की आवक हो रही है। मंगलवार को 23000 हजार कट्टा धान का पहुंचा वही 3000 कट्टा कठानी व चना की आवक भी इतनी ही हुई। वहीं बुधवार को 19 हजार 360 कट्टा धान व 4283 कट्टा कहानी तथा 770 कट्टा चना मंडी में पहुंची। मंडी में किसानों की उपज की अच्छी कीमत दी जा रही है। बताया जाता है कि मंडी में अभी पोहा बनाने में उपयोग आने वाले महामाया धान तथा ओम-3 नया धान की अच्छी कीमत मिल रही है। महामाया नया जहां 2100 रुपए प्रति क्विंटल जा रहा है वहीं नए की कीमत 2050 रुपए बनी हुई है। इसी तरह ओम-3 नया धान 2185 रुपए प्रति क्विंटल जा रहा है। शहर के बंसंतपुर स्थित मंडी को आदर्श कृषि उपज मंडी के रूप में संचालित किया जा रहा है।

मंडी में गर्मी फसल की धान के अलावा दलहन तिलहन, मसाले और अन्य अनाज भी कमोबेश पहुंच रहे हैं। मंडी में राजनांदगांव विकासखण्ड क्षेत्र के गांव मोखला भर्रेगाव आदि सहित तिरगा झोला व आसपास के गांवों से गर्मी फसल के धान की आवक हो रही है। इससे मंडी में चहल पहल बना हुआ है। वर्तमान में पड़ रही भीषण गरमी को देखते हुए मंडी आने वाले किसानों, मजदूरों के लिए छाया व पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बुधवार को मंडी में लगभग 20 हजार कट्टा धान खरीदा गया। व्यापारियों द्वारा इसकी अच्छी बोली लगाए जाने से सफरी व सरना धान की 1700 रुपए से लेकर 1850 रुपए तक कीमत मिली। उन्होंने बताया कि फिलहाल मंडी में नया आइ आर धान की आवक थोड़ी ज्यादा है। वहीं महामाया की भी आवक ठीक-ठाक बनी हुई है। महामाया 2100 से 2200 रुपए प्रति क्विंटल व नया ओम-3 धान 2182 रुपए तक बिक रहा है। इसी तरह चना 5000 रुपए से लेकर 5336 रुपए प्रति क्विंटल जा रहा है।

# 'कर्मकार समाज भूषण अवार्ड'' से सम्मानित आसकुमार कन्नौजे

**नागपुर में मिला सर्वहितसम्मान**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के संत शिरोमणि विदास, रवार समाज से जुड़े युवा ऊर्जा, जुझारू, कर्मठ, योग्य एवं दयावान प्रणेता आसकुमार कन्नौजे, को सामाजिक क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने तथा सामाजिक एवं मानवीय जीवन कल्याण के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान हेतु नागपुर, महाराष्ट्र में 'कर्मकार समाज भूषण अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि पर प्रियजनों ने उनके मेल, कॉल एवं संदेश उन्हें लिखे है, और उनके उज्जवल भविष्य के कामना किए है। साथ ही आसकुमार कन्नौज, ने सभी अपने प्रियजनों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है तथा समाज व मानवता की सेवा में निरंतर कार्यरत रहने का संकल्प लिया।

# नगर पंचायत घुमका के आम निर्वाचन हेतु अधिकारियों को सौंपा दायित्व

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने नगर पंचायत घुमका के आम निर्वाचन 2026 के विभिन्न कार्यों को संपादन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है तथा उन्हें दायित्व सौंपा है। जारी आदेश अनुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय एवं अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को कानून एवं व्यवस्था, आदर्श आचरण संहिता (एमसीसी), सम्पत्ति विरूपण, सेक्टर अधिकारी की नियुक्ति, सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति, यातायात व्यवस्था का दायित्व सौंपा है।

अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा एवं जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन श्रीमती रश्मि सिंह को जाबो कार्यक्रम एवं निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार, मतदान दल गठन, कार्मिक कल्याण, मानव संसाधन, अवकाश की स्वीकृति, व्यय लेखा संबंधित कार्यों के लिए, व्यय संपरीक्षक की नियुक्ति व प्रशिक्षण का दायित्व सौंपा गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी घुमका ज्ञानेश्वर देवदास को नाम निर्देशन कक्ष की संपूर्ण व्यवस्था (बैठक साउण्ड, फर्नीचर, कम्प्यूटर-प्रिंटर, इंटरनेट इत्यादि) एवं मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल को निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र, मतगणना प्रभारी, आईडी कार्ड व पास व्यवस्था, निर्वाचन हेतु समस्त लेखन सामग्री, फार्म, लिफाफे, निर्वाचन सामग्री इत्यादि की व्यवस्था कर संबंधितों को प्रदाय करना एवं समस्त स्टोर संबंधी कार्य, सामग्री वितरण वापसी व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल एवं तहसीलदार घुमका मुकेश कुमार ठाकुर को रूट चार्ट तैयार करना, मतपत्र प्रुफ रीडिंग, निर्वाचन नामावली की चिन्हित प्रति तैयार करना, कम्यूनिकेशन प्लान तैयार करना, निर्वाचन हेतु मतपत्रों की जानकारी प्राप्त करना, मतपत्र मुद्रण कराना एवं रिटर्निंग ऑफिसर को प्रदान करना, कंट्रोल रूम, शिकायत सेल का दायित्व सौंपा गया है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी घुमका श्री ज्ञानेश्वर देवदास को नाम निर्देशन हेतु आवश्यक समस्त प्रपत्र एवं लेखन सामग्री आदि प्राप्त कर रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर का उपलब्ध कराना, नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, संवीक्षा, वापसी एवं चुनाव चिन्ह आबंटन संबंधी जानकारी प्राप्त कर प्रारूप में आयोग को भेजना, आयोग को भेजे जाने वाले समस्त प्रपत्र एवं प्रतिवेदन, मतदान दल रवानगी व वापसी तथा मतदान दिवस की रिर्पोटिंग, मानदेय-निर्वाचन से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मानदेय देयक तैयार एवं वितरण की व्यवस्था का दायित्वा सौंपा गया है।

जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी संतोष सिंह को आईटी से संबंधीत कार्यों, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल को निर्वाचन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण देना, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं अधिकारी-कर्मचारियों को आदेश तामीली, संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक को एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन से संबंधित कार्य), मुख्य नगर पालिका अधिकारी घुमका ज्ञानेश्वर देवदास को प्रेक्षक व्यवस्था, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव को स्ट्रांग रूम एवं सामग्री वितरण-वापसी के लिए बैरीकेटिंग आदि संबंधी कार्य, सहायक अभियंता विद्युत यांत्रिकी (लोक निर्माण विभाग) घुमका श्री आशीष कछवाहा को आवश्यक विद्युत व्यवस्था, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को ईव्हीएम से संबंधित समस्त कार्य का दायित्व सौंपा गया है।

# प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में करेंगे कार्य - विस. अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह





राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मुड़पार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 4 करोड़ 50 लाख 59 हजार रूपए के 115 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम मुड़पार से खरखरा नदी तक 2 किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 1 मई से 10 मई 2026 तक चलने वाले सुशासन तिहार अंतर्गत गांव-गांव में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में हेलीकॉप्टर से पहुंच कर ग्रामीणों का हालचाल पूछ रहे हैं। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ले रहे हैं और जनमानस की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। जनसमस्या निवारण शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हो रहे है। जिसका एक माह में निराकरण कर आवेदक को सूचित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रदेश में 18 लाख से अधिक नए आवास की स्वीकृति दी गई। जिसमें से 30 हजार 46 आवास निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। राजनांदगांव जिले में 10 हजार 304 आवास स्वीकृत किए गए। जिसमें से 6447 आवास पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में जिला स्तरीय अधिकारी पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रहे है। उन्होंने ग्रामीणों से शिविर में अपनी मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की। उन्होंने बताया कि मंडी बोर्ड से 12 करोड़ रूपए एवं राजस्व विभाग से 11 करोड़ रूपए से ज्यादा कार्य स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी विकास के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत तथा विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में कार्य करेंगे और राजनांदगांव जिले को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाएंगे।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रशासकीय प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 10 क्लस्टर में जनसमस्या निवारण शिविर लगाएं जा रहे है। जहां शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा जनमानस को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 62 शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मांग के 5 हजार तथा शिकायत के 115 आवेदन प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 29 हजार आवास बने हैं तथा राजनांदगांव जिला प्रदेश में अव्वल रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.5 अंतर्गत 7119 गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं तथा समूह की 42 हजार महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं।

**0 विधानसभा अध्यक्ष ग्राम मुड़पार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में हुए शामिल**
**0 विधानसभा अध्यक्ष ने 4 करोड़ 50 लाख 59 हजार रूपए के 115 विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण**
**0 ग्राम मुड़पार से खरखरा नदी तक 2 किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा की**

शिविर में 4 करोड़ 50 लाख 59 हजार रूपए के 115 कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास अंतर्गत 76 लाख 57 हजार रूपए के 16 कार्य, विधायक निधि अंतर्गत 91 लाख 60 हजार रूपए के 22 कार्य, जिला खनिज न्यास संस्थान अंतर्गत 38 लाख 65 हजार रूपए के 14 कार्य, हाट बाजार विकास कार्य अंतर्गत 29 लाख 68 हजार रूपए के 2 कार्य, प्रभारी मंत्री अंतर्गत 17 लाख रूपए के 3 कार्य, राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन अंतर्गत 10 लाख 72 हजार रूपए के 4 कार्य, स्कूल जतन योजना अंतर्गत 3 लाख 18 हजार रूपए के 3 कार्य, सांसद निधि अंतर्गत 5 लाख रूपए के 1 कार्य, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास प्राधिकरण अंतर्गत 82 लाख 36 हजार रूपए के 18 कार्य, एससीए-एलडब्ल्यूई अंतर्गत 21 लाख रूपए के 3 कार्य, जनपद पंचायत विकास निधि अंतर्गत 18 लाख 9 हजार रूपए के 15 कार्य, अधोसंरचना उपकर निधि अंतर्गत 47 लाख 80 रूपए के 8 कार्य, लोक शिक्षण मद अंतर्गत 1 लाख 94 हजार रूपए के 4 कार्य, धार्मिक न्यास अंतर्गत 5 लाख रूपए के 1 कार्य, 15वें वित्त अंतर्गत 2 लाख रूपए के 1 कार्य शामिल है।

इस दौरान आरबीसी 6-4 के तहत ग्राम सोमनी निवासी श्रीमती सरोज निषाद एवं श्री ईश्वरदास को आर्थिक सहायता हेतु 4-4 लाख रूपए का चेक प्रदान किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंडी में कक्षा 10वीं व 12वीं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित हुए। पोठ्ठ लईका पहल अंतर्गत 4 बच्चों को सुपोषण किट प्रदान किया गया। दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शाल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल का वितरण किया गया। ग्राम धामनसरा स्वच्छता समिति को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, लीलाधर साहू, कृष्णा तिवारी, रमेश पप्पू चंद्राकर, मनोज साहू, रोहित चंद्राकर, सुमीत उपाध्याय, भावेश बैद, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, डीएफओ आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, एसडीएम गौतम पाटिल, सीईओ जनपद पंचायत मनीष साहू सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अवैध रूप से बाटलिंग एवं रिफिलिंग का भांडाफोड़ः चार महिने से अवैध रूप से बाटलिंग एवं रिफिलिंग कर अवैध रूप से मिलावटी शराब की हो रही थी बिक्री




खैरागढ़ (दावा)। नगर के शनि मंदिर के पास राजपूत ढाबा के बाजू में एक मकान पर चार महिने से अवैध रूप से बाटलिंग एवं रिफिलिंग कर अवैध रूप से मिलावटी शराब की हो रही थी बिक्री। जिला पुलिस एवं साइबर सेल टीम की सबसे बड़ी संयुक्त रूप से कार्यवाही। जिला केसीजी पुलिस टीम के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध सतत कार्यवाही जिला पुलिस की अवैध शराब को लेकर इसी क्रम में थाना खैरागढ़ एवं सायबर सेल खैरागढ़ को मुखबिर से सूचना मिली कि खैरागढ़ में शनि मंदिर के पास राजपूत होटल के बाजू में एक मकान पर कुछ लोग अवैध रूप से मिलावटी शराब की बिक्री कर रहे है, उक्त सूचना पर थाना खैरागढ़ एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर रेड किया गया। जो राजपूत ढाबा के बगल में एक किराए के मकान में आरोपी भागवत वर्मा और त्रिलोक यादव अवैध रूप से शराब का बॉटलिंग एवं रीफिलिंग करते हुए रंगे हाथो पकड़ा गया। उपरोक्त कार्यवाही के आधार पर थाना खैराग? में अप. क्र. 194/2026 धारा-34(1)क, 34(2), 36, 49(ख)(ग), 59क(1)(2) आबकारी एक्ट एवं धारा 61(2), 318(4), 336(2), 336(3), 340(2) BNS कायम किया गया।। दोनों आरोपियों से पूछताछ करने पर इनके अन्य 02 साथियों की संलिप्तता भी पाई गई। इस प्रकार कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनके नाम निम्नानुसार हैं - भागवत वर्मा, पिता जगराम वर्मा, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम सनडोगरी, थाना गातापार, (सेल्समेन, खैरागढ़ शराब भटठी), त्रिलोक यादव, पिता पहरूराम यादव, उम्र 29 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 03, गैरेजपारा कुसुमकसा, थाना दल्लीराजहरा (सेल्समेन, खैरागढ़ शराब भटठी), शक्ति नारायण सिंह पिता स्व. भीषम सिंह उम्र 43 साल निवासी रेस्ट हाउस रोड वार्ड नं. 15 दन्तेवाडा थाना दन्तेवाडा हाल पता अमन झा का मकान सिविल लाईन खैरागढ़, तिपेश कुमार सोनी पिता गिरधारी लाल सोनी उम्र 31 साल निवासी डौण्डी वार्ड क्र. 02 थाना डौण्डी (सुपर वाइजर, जालबांधा शराब भट्ठी)। इन सभी से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा शराब में पानी मिलाकर अवैध रूप से बॉटलिंग एवं रीफिलिंग कर बिक्री करना स्वीकार किया।

**0 क्षेत्रवासी चार महिने से पी रहे थे, मिलावटी शराब**
**0 अवैध शराब बॉटल में उपयोग किये जा रहे, ढक्कन, होलोग्राम और लेबलिंग की सामग्री भी बरामद**
**0 शासकीय शराब दुकान के सेल्समैन और सुपरवाइजर कर रहे थे, एक मकान में अवैध और मिलावटी शराब बनाने का गोरखधंधा**

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 130 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की (180-180 एमएल सीलबंद), 10.5 लीटर संदिग्ध तरल पदार्थ (शराब जैसी गंधयुक्त), कुल जप्त शराब मात्रा 34 लीटर (कीमत 22,320), 203 नग ढक्कन, 720 नग लेबल स्टीकर, 3 पत्ता होलोग्राम, 01 जेरिकेन, 01 चाड़ी, 12 नग ब्लू स्टीक, 67 नग खाली शराब बोतल, 02 नग खाली वाटर केन एवं अन्य सामग्री जप्त की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया। अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई जारी अवैध शराब के विरुद्ध केसीजी पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना खैरागढ़ पुलिस एवं साइबर सेल का सराहनीय योगदान रहा।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने घटाया अपना काफिला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईधन संरक्षण की अपील से प्रेरित होकर लिया फैसला

**अब डॉ.रमन केवल अत्यावश्यक वाहनों का करेंगे उपयोग, प्रदेश की जनता से भी संयम और सहयोग की अपील**



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए देशवासियों से की गई अपील का सम्मान करते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

डॉ. रमन सिंह ने अपने प्रोटोकॉल काफिले से 4 वाहनों का उपयोग कम करने का फैसला लिया है। डॉ.रमन सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रहित में संसाधनों के संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक कर्तव्य की भावना से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि जब वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, तब परिवार के मुखिया के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसाधनों के संरक्षण का संदेश हम सभी भारतवासियों के लिए अनुकरणीय है और ऐसे समय में प्रत्येक जनप्रतिनिधि और नागरिक का दायित्व बनता है कि वह संयम, सादगी और जिम्मेदारी का परिचय दे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा देशवासियों को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी है और उसी भावना के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है।

इसके साथ ही, डॉ.रमन सिंह ने प्रदेशवासियों से भी अपील की कि वे वर्तमान परिस्थितियों को गंभीरता से समझें तथा आवश्यकता अनुसार संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें और जहाँ तक संभव हो सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए राष्ट्रहित में सहयोग की भावना के साथ आगे आएं।




# डोंगरगांव के जतिन बने डाक्टर




डोंगरगांव (दावा)। शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगाँव के अध्यक्ष महेंद्र बघेल के सुपुत्र जतिन दत्त बघेल डाक्टर बन गए हैं। उन्होने अपने मातृभूमि कलडबरी से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की। फिर छठवीं से बारहवीं तक सैनिक स्कूल अंबिकापुर में पढ़ाई की। उन्होनें नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव से डाक्टर बनने का गौरव प्राप्त किया है। उनके पिता साहित्य सर्जक के साथ मिडिल स्कूल किरगी में प्रधानपाठक हैं। जतिन के डाक्टर बनने पर पारिवारिक सदस्यों, इष्ट मित्रों के साथ ग्राम कलडबरी के गणमान्य नागरिक, शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव और साकेत साहित्य परिषद सुरगी के सदस्यों ने बधाई प्रेषित की है।

# सोने से भरा हंडा होने का झांसा देकर 4 लाख रुपए की ठगी

## तांत्रिक सहित 3 लोगों के खिलाफ अपराध कायम

राजनांदगांव (दावा) रुपए-पैसे, सोने-चांदी की लालच आदमी की आखरी तक पीछा नहीं छोड़ती। भले ही इसके पीछे उन्हें अपना सब कुछ गंवानी पड़े। ऐसी ही घटना चिखली चौकी क्षेत्र में घटी। कथित तांत्रिक और 2 अन्य व्यक्तियों द्वारा पीड़ित के घर में सोने से भरा हंडा होने का झांसा देकर उससे 4 लाख रुपए ठग लिए गए। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि प्रार्थी मोहन नंदनवार की कुछ समय पहले तीन तथाकथित तांत्रिकों से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान आरोपियों ने दावा किया कि उसके घर के भीतर जमीन में एक हंडा गड़ा हुआ है। जिसमें सोना और कीमती जेवरात दबे हैं। तांत्रिकों ने कहा कि विशेष पूजा-पाठ और तांत्रिक क्रिया के जरिए उस हंडा को निकाला जा सकता हैं। लालच और अंधविश्वास में फंसे मोहन नंदनवार ने तीनों को अपने घर में पूजा-पाठ के लिए बुला लिया।

# किसान देश का पेट भरता है उसे ही खाद के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है - भुनेश्वर बघेल



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा छत्तीसगढ़ का किसान आज खेत में कम और सरकारी पोर्टल, पंजीयन और टोकन की पेचीदगियों में ज्यादा उलझा दिया गया है। जिस किसान के हाथ में खाद की बोरी होनी चाहिए, उसके हाथ में आज आवेदन, पंजीयन और टोकन की पर्ची थमा दी गई है। भाजपा की तथाकथित 'डबल इंजन' सरकार आखिर किसानों को किस दिशा में ले जाना चाहती है? खाद लेने के लिए नया पंजीयन और टोकन सिस्टम लागू कर सरकार ने किसानों के सामने कृत्रिम संकट खड़ा कर दिया है।

गांव-गांव में किसान सुबह से लाइन में खड़े हैं, कोई सर्वर डाउन से परेशान है, तो कोई टोकन खत्म होने से। बुजुर्ग किसान दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, छोटे किसान बिचौलियों के भरोसे मजबूर हो रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसान बोवाई के सबसे महत्वपूर्ण समय में खाद के लिए भटकता रहेगा, तो उत्पादन कैसे बढ़ेगा? कहीं ऐसा तो नहीं कि सरकार जानबूझकर खाद की उपलब्धता सीमित कर रही है ताकि किसानों का धान उत्पादन कम हो जाए और भविष्य में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी से बचने का रास्ता तैयार किया जा सके? यदि सरकार की नीयत साफ है तो फिर किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद देने में डर कैसा? पंजीयन और टोकन के नाम पर किसानों को अपमानित और प्रताड़ित क्यों किया जा रहा है?

पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि किसान कोई प्रयोगशाला का विषय नहीं, बल्कि देश की अन्नशक्ति है। जो किसान देश का पेट भरता है, उसे ही खाद के लिए दर-दर भटकाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और किसान विरोधी मानसिकता का परिचायक है। राज्य शासन तुरंत यह किसान विरोधी आदेश निरस्त करे और किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार पर्याप्त खाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करनी चाहिए।

पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि किसान का अपमान नहीं सहेगा छत्तीसगढ़! अन्नदाता को अधिकार दो, टोकन और तंग करने वाली व्यवस्था नहीं!




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com